चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 278 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
05 अप्रैल 2025 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
20 न्यूनतम



Page-7

## रामनवमी जुलूस के चलते कई राज्यों में हाईअलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में रामनवमी का त्योहार कल मनाया जाएगा। इस दिन शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। इसको लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार के साथ ही महाराष्ट्र, झारखंड और पश्चिम बंगाल में अलर्ट जारी किया गया है। पूर्व में इन राज्यों में रामनवमी जुलूस के दौरान अप्रिय स्थिति बनी है। इससे निपटने के लिए इस बार पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है। दो साल पहले रामनवमी पर धार्मिक जुलूसों के दौरान मुंबई में झड़पें हुई थीं। वहीं पिछले महीने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद नागपुर में हिंसा और सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। इसे देखते हुए महाराष्ट्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## मनोज कुमार का अंतिम संस्कार, कई सेलेब्स पहुंचे

**मुंबई।** मशहूर एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का आज दोपहर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई में जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर लाया गया। यहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में प्रेम चोपड़ा, सलीम खान, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक के साथ शामिल हुए। गत दिवस कोकिलाबेन अस्पताल में मनोज कुमार का निधन हो गया था।

### विक्रमादित्य महानाट्य की दिल्ली में जोरदार तैयारी, सिंहस्थ 28 के पहले ब्रांडिंग

# फिर दिल्ली में बढ़ीं मुख्यमंत्री की सक्रियताएं, भोपाल में उत्सुकताएं

**भोपाल/नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज दिल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों मे सक्रिय हैं। वे कल रात ही दिल्ली पहुंच गये थे और आज उनकी केंद्रीय नेताओं से भी चर्चा की संभावना है, कल भाजपा के स्थापना दिवस और मप्र में भाजपा के अध्यक्ष पर फैसले के पहले यह महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि अभी मप्र तक को संदेश या संकेत नहीं पहुंचा है लेकिन पार्टी अंदरखाने मान रहे हैं कि इस संबंध में कभी भी फैसला आ सकता है। पार्टी ने तीन नाम शार्टलिस्ट करके इन पर एकराय बनाने का काम शुरू कर रखा है। इनमें एक पूर्वमंत्री,एक मंत्री और एक पूर्व सांसद के नाम बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव की गत सप्ताह की दिल्ली यात्रा में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात इस संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण मानी गई थी।

इससे पहले आज मुख्यमंत्री ने दिल्ली में इंडिया हेबिटेट सेंटर में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस के सामाजिक प्रभावों पर आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लिया। उनके साथ केंद्रीय प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जतिन प्रसाद मौजूद रहे। वे इस कार्यक्रम के बाद 12 से 14 अप्रैल, 2025 तक आयोजित होने वाले विक्रमादित्य महानाट्य के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। कुछ दिन पूर्व उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर विक्रमादित्य महानाट्य के आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। खास बात यह है कि महानाट्य आयोजन में उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ 2028 की झलक मिलेगी। राजा विक्रमादित्य की शौर्य गाथाओं का अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंचन होगा। करीब दो हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य ने गणतंत्र आधारित सुशासन की स्थापना की थी उन्होंने राज्य की जनता का कर्ज माफ भी किया था। मुख्यमंत्री आज शाम दिल्ली में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित 12वा नानाजी स्मृति व्याख्यानमाला में भी शामिल होंगे।



## श्रीलंका के साथ मोदी की अहम द्विपक्षीय वार्ता



**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के श्रीलंका दौरे पर हैं। कोलंबो में सुबह मोदी का श्रीलंका में औपचारिक स्वागत किया गया और उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले शुक्रवार शाम श्रीलंका सरकार के 5 मंत्री अगवानी के लिए पहुंचे। एयरपोर्ट पर भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद रहे और मोदी-मोदी के नारे लगाए। मोदी की 2019 के बाद यह पहली श्रीलंका यात्रा है। जबकि पद संभालने के बाद से यह श्रीलंका की उनकी चौथी यात्रा है। कोलंबो में आज भारत-श्रीलंका में बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ पीएम मोदी की मुलाकात होगी। पहली बार रक्षा सौदे पर मुहर लगेगी। समुद्र में चीन के प्रभाव पर लगाम लगाने के लिहाज से ये डिफेंस डील काफी अहम होगी।

## सैफ मामले में पुलिस का नया खुलासा, जमानत का विरोध



**मुंबई।** एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमला केस में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका पर मुंबई की एक कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुंबई पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से बरामद टुकड़ा, वारदात की जगह से मिला हिस्सा और सैफ की रीढ़ की हड्डी से निकला टुकड़ा, तीनों एक ही चाकू के हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हैं। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी को जमानत मिली, तो वह बांग्लादेश भाग सकता है।जबकि आरोपी की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया था कि एफआईआर झूठी है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। ज्ञात हो कि सैफ पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरुशरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला हुआ था। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे। उन्हें हाथ, रीढ़ की हड्डी और पीठ पर चोटें आई थीं। पुलिस ने दो दिन बाद बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम को गिरफ्तार किया था।

## चीन के पलटवार से अमेरिकी बाजार में मचा हाहाकार, ट्रंप बोले भारी पड़ेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के 34 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले को घबराहट भरा कदम बताया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा चीन ने गलत कदम उठाया है। वे घबरा गए हैं। यह एक ऐसी चीज है जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चीन का जवाबी टैरिफ उन्हें बहुत भारी पड़ेगा। दरअसल दो अप्रैल को अमेरिका ने दुनिया के 60 देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसमें चीन पर 34 फीसद टैरिफ लगाया है। इससे पहले ट्रम्प चीन पर एक महीने में दो बार दस दस प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे कुल टैरिफ 54 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इसीके जवाब में चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34त्न जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। चीन सरकार ने कहा कि अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियमों का उल्लंघन करता है। इससे चीन के कानूनी अधिकार और हितों का नुकसान हो रहा है। उधर अमेरिकी बाजार में देर रात फिर बड़ी गिरावट आई है। नेस्डैक, डाउ जोन्स और एसएंडपी इंडेक्स 5 फीसदी से ज्यादा गिर गए। इस समय वॉल स्ट्रीट कोविड संकट के चरम के बाद से सबसे तीव्र गिरावट का सामना कर रहा है। इस गिरावट का कारण टैरिफ वार ही माना जा रहा है क्योंकि चीन ने भी अमेरिका के टैरिफ के बाद अपना 34 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। आशंका है कि कुछ और देश भी अमेरिका पर टैरिफ लगा सकते हैं।



कोविड के बाद सबसे बडी गिरावट

## भोपाल स्टेशन पर पॉड होटल की शुरुआत हुई

**भोपाल।** राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मात्र 200 रुपए से शुरू होने वाली आरामदायक और किफायती ठहरने की सुविधा का शुभारंभ आज हो गया। भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर प्रदेश के पहले पॉड होटल का उद्घाटन सांसद आलोक शर्मा और डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने किया। दरअसल पाड होटल को कैप्सूल होटल भी कहा जाता है, जापान से प्रेरित एक अवधारणा है। इसमें छोटी-छोटी कैप्सूल इकाइयों में यात्रियों को ठहरने की सुविधा दी जाती है, जो कम जगह में उच्च श्रेणी की सुविधाएं प्रदान करती हैं।

## वंदेभारत 19 से, श्रीनगर से सीधे दिल्ली नहीं पहुंचेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नई दिल्ली। कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस 19 अप्रैल से कटरा स्टेशन से चलेगी। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाने जा रहे हैं। यह इस महत्वाकांक्षी रेल प्रोजेक्ट का पहला चरण है। दूसरे चरण में ट्रेन नई दिल्ली से श्रीनगर के बीच चलेगी। रेलवे इसे अगस्त या सितंबर में चलाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, नई दिल्ली से सीधे श्रीनगर एक भी ट्रेन नहीं जाएगी। नॉर्दर्न रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टिकट नई दिल्ली से श्रीनगर तक का बनेगा, लेकिन यात्रियों को कटरा पहुंचने के बाद ट्रेन बदलनी प?ेगी। यहीं उनकी सुरक्षा जांच होगी। इस प्रक्रिया में 2-3 घंटे लग सकते हैं। इसके लिए कटरा स्टेशन पर अलग लाउंज बना रहे हैं। यह स्टेशन से बाहर होगा। यात्रियों को प्लेटफार्म पर उतरने के बाद बाहर आना होगा। फिर लाउंज में सुरक्षा जांच, आईडी सत्यापन, सामान की स्कैनिंग होगी। इसके लिए 3 से 6 स्कैनर मंगाए जा रहे हैं। अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात रहेगा। यात्रियों को जांच के बाद वापस प्लेटफार्म नंबर 1 पर आना होगा। यहीं से श्रीनगर की वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी।

## अब पहली बार तीन संभागों में हीटवेव का अलर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गर्मी के मौसम में अभी तो धूप,छांह बादल का दौर है लेकिन इस सीजन में अब पहली बार मध्यप्रदेश में हीट वेव यानी, लू का अलर्ट भी आया है। मौसम विभाग ने 7 और 8 अप्रैल को उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के 10 जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। वहीं, भोपाल, इंदौर, जबलपुर-सागर संभाग में भी तेज गर्मी पढ़ने का अनुमान है। कल रात तक दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में एक्टिव रहा। इस वजह से कहीं-कहीं हल्की बारिश और बादल छाए रहे। आज से यह सिस्टम कमजोर हो रहा है। लिहाजा तेज गर्मी का असर बढ़ेगा। अगले 3 से 4 दिन तक दिन का तापमान बढ़ सकता है। वहीं, 7-8 अप्रैल को हीट वेव यानी, गर्म हवा चलने का अनुमान है। इसके बाद फिर बादल व बूंदाबांदी छोटा दौर आ सकता है।

**मेट्रो एंकर**

### दिल्ली से बेदखल होने के बाद अब पंजाब में डाल रखा है डेरा

# मझधार में मान, क्योंकि फिर मुख्यमंत्री के रोल में आ गए केजरीवाल, साथ में सिसोदिया भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की राजधानी में सत्ता से बेदखल होने के बाद अब आम आदमी पार्टी के बडे नेताओं ने पंजाब में डेरा जमा लिया है। सीएम रहे अरविंद केजरीवाल तो चुनाव हारने के बाद विपश्यना पर चले गये थे और वहां से लौटने के बाद लंबे समय से पंजाब में जमे हुए हैं। उनके साथ दिल्ली में डिप्टी रहे मनीष सिसौदिया भी हैं और केजरी के विवादित सलाहकार विभव कुमार भी ! इन हालातो में पंजाब की सीएम भगवंत सिंह मान सिर्फ पद पर ही हैं, बाकी काम और निर्दश केजरीवाल के हैं। यानि संवैधानिक पद पर बैठे नेता की हैसियत भी ताकतवर नेता के सामने कम लग रही है। मीडिया रिपोर्ट्स भी कह रही हैं कि केजरीवाल एक बार फिर पंजाब के सुपर सीएम के तौर पर व्यवहार करने लगे हैं। हालांकि मान के लिए राहत की बात बस इतनी है कि केजरीवाल ने बोल रखा है कि मुख्यमंत्री मान ही रहेंगे। ज्ञात हो कि पंजाब में 2027 में विस चुनाव होने हैं।

गौरतलब है कि तीन साल पहले पंजाब में आप सरकार बनने के बाद केजरीवाल ने पंजाब के सीनियर अफसरों की मीटिंग बुला ली थी। जिस पर उनके विरोधियों ने जमकर घेरा था। केजरीवाल पर दिल्ली से रिमोट कंट्रोल के जरिये पंजाब चलाने का आरोप लगा था। तब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। तब आलम यह था कि केजरीवाल जब पंजाब के मुख्य सचिव और बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे थे, तब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान वहां मौजूद नहीं थे। फिर दिल्ली चुनाव में हार के बाद केजरीवाल ने मान और उनके मंत्रियों, विधायकों दिल्ली बुलाया तो चर्चा चल पडी थी कि केजरीवाल पंजाब की कमान संभालना चाहते हैं।

अब आलम यह है कि मान कहने भर को ही मुख्यमंत्री रह गये हैं। उनके पास कैबिनेट मीटिंग का अधिकार बरकरार भले है लेकिन बाकी सारी मीटिंग और फील्ड में तो हर जगह केजरीवाल नजर आ रहे हैं। यानि दिल्ली से रिमोट के जरिये पंजाब को कंट्रोल करने की बात पुरानी हो चुकी है, अब केजरीवाल खुद ही वहां जा पहुंचे हैं।



### पंजाब में कितने सीएम, उप्र में कितने...

दरअसल, 2012 से 2017 के बीच जब उप्र में सपा सरकार थी, तो सत्ता के गलियारों में 'ढाई मुख्यमंत्री' के किस्से चलते थे। मुख्यमंत्री तो अखिलेश थे, लेकिन बड़े नेताओं का बहुत दखल था। ढाई मुख्यमंत्री कंसेप्ट में अखिलेश का हिस्सा आधा माना जाता था, उनके पिता मुलायम सिंह यादव और उनके भाई और मित्रों का हद से ज्यादा दबदबा और दखल था। अब सवाल है कि पंजाब में कितने सीएम हैं? शायद मान भी आधे वाली कैटेगरी में आते होंगे, क्योंकि, केजरीवाल के अलावा बिभव कुमार और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया भी तो पंजाब में ही डटे हैं।



## शराब दुकान पर फूटा महिलाओं का गुस्सा, बोतलें फोड़ी

**मंदसौर, दोपहर मेट्रो**

शहर से ढाई किमी दूर स्थित जग्गाखेड़ी गांव में चेतावनी के बाद भी रहवासी इलाके से शराब की दुकान नहीं हटाने पर भड़की महिलाओं ने बीती रात हंगामा कर दिया। हाथों में लठ्ठ लेकर महिलाएं शराब दुकान पर पहुंचीं और शराब पी रहे करीब 150 से ज्यादा लोगों और दुकान के स्टाफ को मौके से खदेड़ दिया। आक्रोशित महिलाओं ने शराब की दुकान में तोड़फोड़ करते हुए शराब का अधिकांश स्टॉक नष्ट कर दिया। इस दौरान 15 से ज्यादा दो और चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ भी की। एक बाइक में आग लगा दी। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति संभाली। दरअसल शहर में शराबबंदी के बाद आसपास के क्षेत्रों की दुकानों पर लोग पहुंच रहे हैं। इससे ग्रामीणों को असुविधा की की शिकायत सरपंच समेत ग्रामीणों ने आबकारी विभाग से की थी।



भोपाल। शहर में हर तरफ जाम के हालात है।

# स्वदेशी उत्पादों से परिचय कराने के लिये मेला

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में अखिल भारतीय स्वदेशी संघ द्वारा लगाए जा रहे 7 दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी मेले की तैयारियां जोरो पर जारी है। मेला 7 अप्रैल से दशहरा मैदान बिट्टन मार्केट भोपाल में प्रारंभ होगा। अखिल भारतीय स्वदेशी संघ द्वारा स्वदेशी मेले के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि मेले में मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों के स्वदेशी उत्पादो एवं आर्टिस्टों के अनेक स्टॉल लगेंगे। शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं की प्रदर्शनी एवं आमजन के मनोरंजन के लिए लोकनृत्य एवं विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतिया दी जाएगी। आमजन के लिए मेला दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा।

# 10 साल में 10 फीसदी भी स्मार्ट नहीं हुआ शहर


भोपाल, दोपहर मेट्रो।

केंद्र सरकार ने लगभग 10 साल पहले स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत की थी। 28 जनवरी 2016 को पहले ही चरण में भोपाल का स्मार्ट सिटी के रूप में चयन हुआ। शहर के विकास के लिए करीब 1 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए। 31 मार्च 2025 से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए केंद्र से फंडिंग नहीं होगी। इतनी राशि खर्च होने के बाद भी न तो शहर स्मार्ट हुआ न ही फंड का सही इस्तेमाल हुआ।

**कागजों में कैद प्रोजेक्ट:** नॉलेज हब, स्टार्ट हब, हेल्थ एजुकेशन हब सब अधूरे हैं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फ्री वाई-फाई जैसे वायदे भी कागजों से बाहर नहीं आ सके। स्मार्ट कंपनी ने खुद की आमदनी के लिए जो प्रोजेक्ट तैयार किया वह भी अब वीरान है।

**टीटीनगर में उजाड़ी हरियाली:** टीटी नगर एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के नाम पर हरियाली और मकानों को तोड़कर बना ये प्रोजेक्ट जीआइएस में नुमाइश किया गया, लेकिन उद्योग समूहों को इसमें कोई स्कोप नजर नहीं आया। कंपनी अब अपने कर्मचारियों के वेतन भत्तों के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है।

**ये दिखाया था सपना:** स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन ने केंद्र से दावा किया था कि अगले पांच साल में नार्थ और साउथ टीटी नगर की 333 एकड़ जमीन को पीपीपी मोड पर विकसित करेंगे। जमीन बेचकर 6644 करोड़ की आमदनी होगी। डेवलपमेंट कॉस्ट 3444 करोड़ रुपए आएगी। टीटी नगर उजड़ा और वीरान पड़ा है।



## 40 करोड़ की बुलेवर्ड स्ट्रीट पर ड्रेनेज नहीं

40 करोड़ की बुलेवर्ड स्ट्रीट पर सरफेस ड्रेनेज तक का ध्यान नहीं रखा गया है। सरफेस ड्रेन के होल साइकिल ट्रैक पर हैं। ई-व्हीकल चार्जिंग, वाई-फाई और पब्लिक एड्रेस सिस्टम जैसी सुविधाओं का कोई अता-पता नहीं है। भोपाल प्लस एप से प्रॉपर्टी टैक्स, वॉटर टैक्स पेमेंट, बर्थ, डेथ और मैरिज रजिस्ट्रेशन, पेमेंट गेटवे जैसी 16 सुविधाएं देने का वादा था।

## सपना जो 2016 से अधूरा

टीटीनगर के 342 एकड़ एबीडी एरिया में न तो कोई मकान बना, न ही कमर्शियल कॉम्प्लेक्स। पैन सिटी, स्मार्ट पोल स्ट्रीट लाइट पोल बन गए हैं। 16 ऑनलाइन सुविधाओं वाला भोपाल प्लस एप पूरी तरह बंद हो चुका है। बुलेवर्ड स्ट्रीट और स्मार्ट रोड के साथ ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आईटीएमएस के अलावा स्मार्ट सिटी की कोई और उपलब्धि नहीं है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में अनेक विकास कार्य करवाए गए हैं। केंद्रीय सहायता बंद होने के बाद अब इन्हें शासन और निगम के फंड से आगे बढ़ाया जाएगा।

# बीयू: यूजी फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड ईयर की परीक्षाएं शुरू

## तीन केंद्रों का कुलगुरू ने किया औचक निरीक्षण

भोपाल. दोपहर मेट्रो।



राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की बीए, बीबीए, बीसीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं शुक्रवार और बीएससी, बीकॉम, बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन 97 परीक्षा केंद्रो पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। बीयू के कुलगुरु प्रो. एस के जैन द्वारा द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों, परीक्षा एवं गोपनीय शाखा के अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय से संबद्ध तीन कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया। गांधी पीआर कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज, नवीन आर्टस एंड कामर्स कॉलेज में निरीक्षण के दौरान कुलगुरु प्रो. जैन ने कक्षाओं में जाकर संचालित हो रही परीक्षा का निरीक्षण करने के साथ ही वहां ड्यूटी कर रहे?शिक्षकों से भी से भी बात कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया

इसके बाद सभी परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां के स्टॉक रजिस्टर, उड़नदस्ता रजिस्टर, प्रश्न पत्र रखे जाने वाले स्थान एवं अलमारी का निरीक्षण कर परीक्षा केंद्राध्यक्ष से आवश्यक जानकारी ली गई। कुलगुरु प्रो. जैन द्वारा परीक्षा केंद्रो में क्लासों के लाइट, पंखे तथा गर्मी को ध्यान में रखते हुए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के हेतु परीक्षा केंद्राध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे में हो रहे परीक्षा का भी निरीक्षण कुलगुरु एवं विश्वविद्यालय टीम द्वारा किया गया।?सभी केंद्राध्यक्षो को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल मिलने की बात कही गई। ताकि परीक्षा में किसी तरह की समस्या ना आए।

**197 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है परीक्षा:** इन परीक्षाओं के लिए बीयू प्रशासन ने 197 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षाओं में इस बार करीब 1 लाख 81 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे रखा गया है। बीयू ने परीक्षाओं में नकल की रोकथाम के लिए चार उड़दस्ते तैयार किए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी तैयारी बृहद रूप से की जा रही थी। समय से प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर भेजे जा चुके हैं।


# जो आत्मा को झकझोरे वह वास्तविक ज्ञान

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में दादा माखनलाल चतुर्वेदी जयंती पर पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी का विशेष व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के वार्षिक आयोजन प्रतिभा 2025 का शुभारंभ भी किया गया । वहीं विश्वविद्यालय की वेबसाइट को रीलांच किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय से निकलने वाले दो समाचार पत्र विकल्प एवं पहल का भी विमोचन मुख्य अतिथि एवं कुलगुरु द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी ने भारत ज्ञान परंपरा की भूमि÷ विषय पर अपने विचारों से छात्रों और शिक्षकों के लिए आत्मचिंतन और बौद्धिक चेतना के नए द्वार खोले। तिवारी ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा सदियों की तपस्या से जन्मी है। इस देश में ज्ञान अर्जन का अर्थ केवल जानकारी नहीं, आत्मबोध है। कुलगुरू तिवारी ने स्वागत भाषण में कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल डिग्रियाँ देने का केंद्र नहीं है, यह आत्मबोध और सामाजिक चेतना की प्रयोगशाला है।

# भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित
# खेमचंदानी अध्यक्ष, मोतियानी सचिव बने

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।



भारत विकास परिषद संतनगर शाखा की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी पर विचार किया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. जी?टी खेमचंदानी, सचिव सुरेंद्र मोतियानी, सह सचिव कीर्ति तोलानी एवं प्रकाश रंगवानी, कोषाध्यक्ष सुंदर किशनानी, सह कोषाध्यक्ष बी डी भारवानी एवं किशन उदासी को नियुक्त किया गया। सांस्कृतिक प्रमुख विमल भंडारी सह प्रमुख श्याम उदासी, प्रचार प्रमुख गुलाब जेठानी, सह प्रचार प्रमुख राजा इसरानी, अंकेक्षक विकास आसनानी को बनाया गया। इसके अलावा पांच आयामों सेवा, संस्कार और महिला कार्य के ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें सेवा में उपाध्यक्ष राकेश हरपलानी, संयोजक वी एन मोतियानी, सदस्य ए सी साधवानी, डॉ. गुलाब टेवानी, कैलाश आसूदानी, किशोर थावानी, भगवान दामानी, के टी ज्ञानचंदानी, तुलसीदास तोलानी, गोबिंद मीरचंदानी, संस्कार आयाम में उपाध्यक्ष जयकुमार शर्मा, संयोजक राजेश बेलानी, सदस्य महेश दयारामानी, महेश बजाज, डॉ. अनिल शिवानी, मनोज जनियानी, भारत धनवानी, राजकुमार दामानी, मोहनलाल लालवानी। सम्पर्क ग्रुप में उपाध्यक्ष दिनेश वाधवानी, संयोजक हरीश मूलानी, सदस्य कैलाश आसूदानी, सुरेश वीधानी, दयाल डेटानी, कन्हैया इसरानी, नीरज वाधवानी, मोहन मनवानी, विनय दादलानी, पर्यावरण के अंतर्गत उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश मोटवानी, संयोजक धर्म प्रकाश मोटवानी, सदस्य नवरंग धाकड़, रवि केसवानी, लक्ष्मणदास मूलचंदानी, जगदीश आडवानी अमित नेमा, दीपक प्रेमचंदानी, देव अर्जवानी। महिला कार्य के लिए उपाध्यक्ष डॉ निशा सक्सेना, संयोजक कविता इसरानी, सदस्य कीर्ति तोलानी, सुमन मोटवानी, सविता बेलानी, मीना मोटवानी, नीता जेठानी, श्वेता उदासी, डॉ. हर्षा प्रेमचन्दानी, प्रिया खेमचंदानी को शामिल किया गया है।

## 51 बच्चों के जनेऊ संस्कार आज, भजन कीर्तन हुए

# संत वासुराम की जयंती पर 3 दिवसीय महोत्सव शुरू

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

संत वासुराम सनातन दरबार 237वां संत वासुराम का जयंती महोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के बीच मना रही है। शुक्रवार को दरबार के गदीशीन भाई साहिब पुरुषोत्तम वासवानी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने अपने पदाधिकारियों के साथ बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्वलित की और मेले का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर रमेश मोतीराम एंड पार्टी का भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर चांदवानी ने समस्त धर्मप्रेमियों को मेले व साईं जी के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि संत वासुराम महान संत थे। दरबार के गददीनशीन भाई साहिब पुरुषोत्तम वासवानी ने मेले की बधाई देते हुए कहा कि पाकिस्तान में भी हमारे पूर्वज यह मेला लगाते थे। हिन्दुस्तान आने के पश्चात् इसी दरबार में यह मेला लगाते आ रहे है। तीन दिवसीय मेले में पांच अप्रैल को 51 बच्चों के जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम प्रातः 11 बजे रखा गया है। दोपहर 1 बजे आम भंडारे एवं रात्रि 9 बजे से भजन कीर्तन, दिनांक 6 अप्रैल को पल्लव के साथ कार्यक्रम का समापन्न होगा। इस अवसर पर पंचायत के महासचिव नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, माधव पारदासानी, घनश्याम लालवानी, हीरो हिन्दू, हरीश साधवानी, नरेन्द्र केवलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, कन्हैया नागदेव, अशोक तनवानी, माधु घनश्यानी सहित सैकडो धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।



## सिंधी पंचायत कार्यालय में पुण्यतिथि मनाई गई

# कांग्रेसजनों ने ताराचंद सतानी को याद किया

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

संतनगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री ताराचंद सतानी की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई। पंचायत के सभागार में श्रीसतानी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा कि दादा ताराचंद सतानी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। वे सबको साथ लेकर चलते थे और शहर के विकास के लिए चिंतित रहते थे। हर समय अपने पार्टी के नेताओं को शहर के विकास की ओर ध्यान आकर्षित करवाते थे। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि श्री सतानी एक राजनेता के साथ साथ एक अच्छे समाजसेवी भी थे। इस अवसर पर घनश्याम लालवानी, नरेश गिदवानी, दयाल सतानी, राज मनवानी, महेश गुरबानी, रमेश वाधवानी ने भी स्व सतानी जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन पर विचार रखे। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रताप सतानी, अनिल टेकचंदानी, हरीश वलेचा, रमेश होतवानी, महेश डेटानी, ब्रिजु सतानी, परसराम थावानी, ठाकुर लालवानी, मनोहर सतानी, प्रकाश वीधानी, सुरेश वासवानी, नारी सतानी, बूलचंद वासवानी, प्रेम पठानी, राजकुमार थावानी, दीपक सतानी, बबलू टेकचंदानी, भरत सतानी, मुरली गुरबानी आदि शामिल है।



### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने गठित की प्रदेश स्तरीय टोली

# भाजपा का स्थापना दिवस कल, सबनानी, जिराती, सीमा सिंह व अग्रवाल को जिम्मा

**कार्यालयों की सजावट कर मिठाई बांटी जाएगी और जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन होंगे। 6 व 7 अप्रैल को बूथ और 8-9 को मंडल व विस स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन होंगे**




भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य रूप में मनाए जाने की जिम्मेदारी प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी तथा सह संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, सीमा सिंह एवं प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को दी है। सबनानी को टोली का संयोजक बनाया है, जबकि बाकी के लोग भी टोली का हिस्सा रहेंगे।**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने राज्य स्तरीय टोली का गठन किया है, पार्टी का स्थापना दिवस रविवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा।

### आज से शुरू होगा, झंडा लगाने का काम

प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवान दास सबनानी ने मीडिया को बताया कि पार्टी कार्यालयों तथा कार्यकर्ताओं के निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। यह काम शनिवार से ही शुरू हो गया है। कार्यालयों की सजावट कर मिठाई बांटी जाएगी और जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन होंगे। 6 व 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे। सम्मेलनों में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा का परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर यात्रा विषयों पर संबोधन होगा।

### गांव चलो अभियान 7 से शुरू होगा

7 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव–बस्ती चलो अभियान के तहत पूरे दिन गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत कर आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर गलियों में यात्रा निकालेंगे। संध्या के समय स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन कर विभिन्न समुदाय के नेताओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निवास पहुंचकर भेंट करेंगे। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं, मीसा बंदियों तथा कारसेवकों का सम्मान कर बूथ समितियों की बैठक में शामिल होंगे।



**कुलगुरु कार्यालय को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त गेट का मांगा खर्चा ब्यौरा**

### एबीवीपी के प्रदर्शन में टूटा गेट, एनएसयूआई ने की मरम्मत की पेशकश

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु को पत्र लिखकर कुलगुरु कार्यालय के क्षतिग्रस्त गेट की मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि 2 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदर्शन के दौरान कुलगुरु कार्यालय के गेट टूट गया था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही गेट की मरम्मत करवाई। परमार ने कहा कि हमारा मानना है कि विश्वविद्यालय की संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई छात्रों की फीस से जमा किए गए पैसों से नहीं होनी चाहिए। इसी कारण संगठन ने अपनी ओर से गेट की मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता देने की इच्छा जताई है।

# सभी छात्रावासों में नशा-मुक्ति समितियां गठित की जाएंगी

**राज्य स्तरीय नशा-मुक्ति समिति की बैठक में हुए लिया गया निर्णय**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समस्त छात्रावासों में नशा-मुक्ति समितियां गठित की जायेंगी, जो शैक्षणिक संस्थाओं में सक्रिय रहेंगी और छात्र-छात्राओं को नशा और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय नशा-मुक्ति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रमुख सचिव वायंगणकर ने कहा कि भारत सरकार ने अगस्त 2020 से नशा-मुक्त भारत अभियान शुरू किया था।

इसमें प्रदेश के सभी 55 जिलों को शामिल किया गया है। अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे। मध्यप्रदेश में 11 हजार 500 मास्टर वॉलंटियर्स बनाए गये हैं, जो लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

### सभी सदस्य व विभागों से सक्रिय भागीदारी

प्रमुख सचिव वायंगणकर ने राज्य स्तरीय समिति के सभी सदस्यों और विभागों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। इसमें लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, आयुष विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग, भारत सरकार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मध्यप्रदेश पुलिस नारकोटिक्स विंग, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, यूएनडीपी अहम भूमिका निभायेंगे।

# भाजपा सह प्रभारी पर धार की महिला के यौन शोषण का आरोप, पार्टी ने नकारा

**दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ के आरोपों से फैली सनसनी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

दिल्ली के विधायक एवं मप्र भाजपा के सह प्रभारी सतीश उपाध्याय के खिलाफ महिला के साथ यौन शोषण जैसे आरोप लगे है। ये दिल्ली की तत्कालीन आप सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने लगाए।

दरअसल, भारती कल भोपाल आए जहां उन्होंने डीजीपी कैलाश मकवाना से चर्चा की और एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें सतीश उपाध्याय के खिलाफ लगाए आरोपों का विवरण है। हालांकि प्रदेश भाजपा ने आरोपों को पुरजोर तरीके से नकारा है और मानहानि की बात कही है।

### भारती के आरोप

विधायक सतीश उपाध्याय ने एक आदिवासी महिला स्वयंसेवक का पांच वर्षों तक यौन शोषण किया। आपराधिक शिकायत दर्ज कराई गई। महिला पार्टी से जुड़ी रही है और उसने साहस दिखाते हुए उपाध्याय के खिलाफ सामने आकर बयान दिया। यदि इस तरह के मामलों में राजनीतिक दबाव में आकर कोई ढील बरती जाती है, तो यह कानून और संविधान पर हमला होगा। मैंने 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में हुई कथित धांधली को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई है, जिसमें उपाध्याय को विजेता घोषित किया गया था। याचिका के साथ जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं, उनमें उक्त यौन शोषण की शिकायत भी शामिल है। भारती ने डीजीपी को बताया कि अब 8 अप्रैल को सुनवाई होनी है, उक्त महिला द्वारा दर्ज शिकायत और थाने का विवरण उपलब्ध कराया जाए।

### आप-कांग्रेस पर बिफरी मप्र भाजपा

इधर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने उपाध्याय पर लगे आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पर पलटवार किया। व कहा कि सोमनाथ भारती द्वारा लगाए आरोप निराधार और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। जिसका मकसद एक बेदाग छवि वाले नेता की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना है। भारती का आपराधिक रिकॉर्ड छुपा नहीं है। वह  कई बार जेल जा चुके हैं। उन पर घरेलू हिंसा, अशांति फैलाने, न्यायालय की अवमानना और महिला विरोधी आचरण जैसे कई संगीन आरोप लगे। भारती को उनके षड्यंत्र एवं चरित्र हनन के कुत्सित प्रयास के अपराध के लिए मानहानि का मुकदमा दायर कर कानूनी रूप से जवाबदेह बनाया जाएगा।

# प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा

भोपाल, दोपहर मेट्रो



प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों के अधिकारी और कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने  मंत्रालय में बिजली कंपनियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए व कहा कि पूरे साल का लक्ष्य तय करें और उसी के अनुसार काम करें। हर तीन महीने में कामों की समीक्षा की जाएगी। तय मापदंडों पर काम करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जो अधिकारी तय मापदंडों पर खरे नहीं उतरेंगे, उनके तबादले और पदोन्नति भी इसी आधार पर होगी। बैठक में उन्होंने यह बताया कि जनरेशन और ट्रांसमिशन कंपनियों की नई संगठनात्मक संरचना को मंजूरी मिल चुकी है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए।

मंत्री ने पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। जन-मन योजना में 27 हजार 230 घरों में बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है। अब तक 17 हजार 739 घरों में कनेक्शन दिए जा चुके हैं। तीनों वितरण कंपनियों को लॉइन लॉसेस कम करने के लिए सुनियोजित योजना बनाने को कहा गया। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदले जाएं। न्यायालयीन मामलों में सरकारी पक्ष मजबूत हो। बिजली कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया पर भी दी जाए। आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# घाटे के बावजूद 19 स्थानों पर की शराबबंदी, ताकि गरिमा बनी रहे

**सीएम ने शराबबंदी के बाद पहली बार किया घाटे का जिक्र**




*दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए नागरिक अभिनंदन किया।*

प्रदेश के 19 शहरों में घाटे के बाद पहली बार सीएम डॉ. मोहन यादव ने सरकार को होने वाले घाटे का जिक्र किया। कहा कि प्रदेश को राजस्व में घाटा उठाना पड़ रहा है, तब भी प्रदेश के 19 स्थानों पर शराबबंदी की है। इसकी पीछे लोगों की आस्था का सम्मान करना तो है ही, साथ ही ऐसे स्थलों की गरिमा को बचाए रखने भी है। वह मीडिया से शुक्रवार बात कर रहे थे, तभी उन्होंने यह बात कही।

### वक्फ बिल को बताया फायदे का बिल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने वक्फ बिल को वक्फ संपत्तियों के लिए फायदे वाला बिल बताया। कहा कि अब ऐसी संपत्तियों का कुशल प्रबंधन होगा। पूरे सिस्टम में पारदर्शिता आएगी। लोगों को इसके लाभ होंगे।सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं, इसी का परिणाम है कि वक्फ (संशोधन) बिल-2025 लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित हुआ। यह बिल वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। साथ ही इस बिल से गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के हितों की रक्षा होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में महिलाएं निरंतर सशक्त हो रही हैं। इस दिशा में यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं सहित संपूर्ण समाज को और अधिक सशक्त करेगा तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त होगा। बिल निश्चित ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर वक्फ संपत्तियों में होने वाली वित्तीय गड़बड़ियों और अवैध कब्जों पर लगाम लगाकर राज्यों के वक्फ बोर्ड के राजस्व में वृद्धि करेगा। यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करता कदम कदम है। नए, सशक्त और विकसित भारत की ओर एक नया मील का पत्थर सिद्ध होगा।

**मेट्रो एंकर** भारत की स्वाधीनता को संपूर्णता देने भारत में भाषा- स्वराज अपरिहार्य

# भारतीय भाषा सत्याग्रह का राष्ट्रीय अभियान राजधानी से शुरू होगा



भोपाल, दोपहर मेट्रो


भारत की स्वाधीनता को संपूर्णता प्रदान करने के लिए भारत में भाषा- स्वराज अपरिहार्य है। 'अपनी भाषा पर अभिमान, सब भाषाओं का सम्मान' के सामंजस्यपूर्ण उद्घोष के साथ भोपाल से भारतीय भाषा सत्याग्रह का राष्ट्रीय अभियान आरंभ होगा। माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल की इस पहल को अखिल भारतीय स्तर पर हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग और राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा का अनुमोदनऔर सहभागिता प्राप्त है।

मध्यप्रदेश में श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति इंदौर, मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, भोपाल, तुलसी मानस प्रतिष्ठान, भोपाल, गांधी भवन न्यास, भोपाल और मध्यप्रदेश लेखक संघ, भोपाल इस अभियान में सहभागी हैं। हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के आणन्द में संपन्न 76वें अधिवेशन में 23 मार्च, 2025 को सर्वसम्मति से भाषा-स्वराज का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। इसका मूल मंत्र है- संकल्प का विकल्प नहीं होता। अर्थात मूल राजभाषा अधिनियम का अनुपालन हो।

सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा में भाषा विषयक प्रावधान बहुत स्पष्ट हैं। इसमें मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा तथा समुन्नत प्रादेशिक भाषाओं और हिन्दी में उच्चतर शिक्षा की व्यवस्था है। यह सभी भारतीय भाषाओं को महत्व और समतुल्य सम्मान देती है। राजनीतिक स्वार्थ और सत?ता के दुष्चक्र में भाषा के सवाल को जिस तरह उलझाया गया है, उसमें समाधान का मार्ग राष्ट्रीय संकल्प से ही निकल सकता है। भारतीय भाषाओं के बीच परस्पर सम्मान और सौहार्द्र से यह गुत्थी सुलझ सकती है। टालमटोल की रीति-नीति से गुत्थी और अधिक उलझ रही है। 'स्किल' के रूप में अंग्रेजी और अन्य प्रमुख विश्व भाषाओं के पठन-पाठन से कोई असहमति नहीं है। परंतु राजभाषा के रूप में अंग्रेजी कतई स्वीकार्य नहीं हो सकती। अपनी राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा होता है। जबकि विदेशी राजभाषा का होना गुलामी का कारक होता है। शिक्षा के माध्यम, प्रशासनिक काम-काज, संसदीय कार्य व्यवहार और न्यायालयों की भाषा के रूप में अंग्रेजी का प्रयोग तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। श्रीधर ने भाषा-स्वराज के समर्थकों और भाषा अनुरागियों से अनुरोध किया है कि समाज का साझा पराक्रम बड़ी से बड़ी बाधा को दूर कर सकता है। लिहाजा अपना समर्थन और सुझाव निम्नलिखित ई-मेल तथा वाट्सएप मैसेज 9425011467, वाट्सएप 7999460151 पर या संग्रहालय के पते पर भेजा जा सकता है।

### भारतीय भाषा सत्याग्रह के सूत्र

भाषा राष्ट्र की अस्मिता, संस्कृति की संवाहक और नागरिकों का स्वाभिमान होती है। वस्तुत: भाषा समाज की सामूहिक थाती होती है। अत: समाज का ही दायित्व होता है कि वह  अपनी भाषा के गौरव पर आँच न आने दे। हर भारतीय अपनी भाषा पर अभिमान रखे। अन्य भारतीय भाषाओं का सम्मान करे।




**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना, निविदा**
**संख्याः PMS-KAVACHWCR-ET-KNW-1**
**दिनांकः 23.05.2025**

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी (प्रोजेक्ट) पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** PMS-KAVACHWCR-ET-KNW-1, **कार्य का नामः** इटारसी (क्लेडिंग)–खंडवा (क्लेडिंग), बीना (क्लेडिंग) –रूथियाई और भोपाल डिवीजन, पश्चिम मध्य रेलवे, के संबंधित सेक्शनों में यूएचएफ बैकबोन के साथ ओएफसी के लिए कावच (स्वदेशी एटीपी सिस्टम) की आपूर्ति के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना।, **कार्य की अनुमानित लागत रूः** 71842740.39, **बयाना राशि रूः** 509200.00, **टेण्डर फॉर्म की कीमत रूः** 0.00, **कार्य समाप्ति अवधिः** 32 (माह) हारवेस्ट एवं मानसून सहित, **टेण्डर जमा करने की तारीखः** 23/05/2025 11:00 बजे तक। पूर्ण टेण्डर शिडयूल से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. पर देखी जा सकती हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। मिनिमम एलिजिबिलिटी काईटेरिया एम.ई.सी (ए) एवं (बी) और बिड केपेसिटी से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी (प्रोजेक्ट), पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## संपादकीय

# टैरिफ वॉर से नया टकराव

दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित दुनिया के कई देशों को खुद के द्वारा शुरू किये गये शुल्क युद्ध में घसीट लिया है। उन्होंने जवाबी शुल्क की घोषणा कर एक तरह से टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। साफ नजर आ रहा है कि अब अमेरिका की ओर से भारी शुल्क थोपे जाने से स्वाभाविक रूप से अब विश्व में व्यापारिक परिदृश्य बदलेगा और इससे व्यापार युद्ध की आशंका सच साबित हो सकती है। अगर भारत पर इसका प्रभाव पड़ा, तो अमेरिका भी दूसरे देशों के जवाबी शुल्क से नहीं बच सकेगा। इसकी शुरूआत भी होने लगी है कुछ देशों ने अमेरिका में निवेश से इंकार कर दिया है तो कुछ अमेरिका पर भी जवाबी टैरिफ थोप रहे हैं। जबकि भारत सरकार की तरफ से इस पर ज्यादा बात नहीं की जा रही है। दरअसल, राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप भारत में अमेरिका के सामान पर लगने वाले अधिक शुल्क का सवाल बार-बार उठाते रहे हैं। उन्होंने इसे विवाद का मुद्दा भी बनाया। मगर अब अमेरिका ने भारत पर छब्बीस फीसद शुल्क लगा कर साफ कर दिया है कि वह इस विवाद को शायद आगे ले जाना चाहता है। स्पष्ट है कि अब दोनों देशों के परस्पर निर्यात पर दूरगामी असर पड़ेगा। भारत के साथ अमेरिका के व्यापार संबंधों पर गंभीर प्रभाव पड़ना भी तय लग रहा है। ऐसे में भारत यूरोपीय, अफ्रीकी और एशियाई देशों से व्यापार के विकल्प पर विचार कर सकता है। खास बात यह कि पिछले वर्ष भारत ने अमेरिका को 78 अरब डालर का निर्यात किया था जो कुल निर्यात का अठारह फीसद ही है। फिलहाल सबसे बड़ी चिंता लघु और मझोले उद्यमों के निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव की है। कृषि उत्पादों, औषधियों और मशीनरी पर असर पड़ने की आशंका जताई जा चुकी है। निवेशकों के छिटकने और निर्यात में गिरावट के बावजूद भारत इस झटके को सहने का सामर्थ्य रखता है, क्योंकि भारत महज अमेरिकी बाजार पर ही निर्भर नहीं। ताजा हालातों से लगता है कि भारत अब अन्य निर्यात बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। अगर अमेरिका को अपनी कंपनियों के हितों की चिंता है, तो भारत के लिए भी यह स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि दोनों देश बीच का कोई रास्ता निकालें। ऐसा न होने पर दोनों ओर से निर्यात घटेगा और शुल्क में बड़ोतरी की वजह से अमेरिकी बाजार में कई चीजें महंगी हो जाएंगीं। अपनी दूसरी पारी में ट्रंप विश्व व्यापार में एक नई व्यवस्था कायम करने की ओर बड़ रहे हैं, वे अमेरिका फर्स्ट का नारा दे रहे हैं। उनकी चिंता थोडी वाजिब इसलिये लगती है क्योंकि अमेरिका में उत्पादन का क्षेत्र सिमट चुका है। वे समझ रहे हैं कि टैरिफ के चलते अब अमेरिका में प्रोडक्शन चेन बनेगी और रोजगार पैदा होंगे। हालांकि इन सभी में काफी वक्त लगेगा। लेकिन ताजा हालातों से लग रहा है कि अमेरिका की आर्थिक बुनियाद कहीं कमजोर न हो जाए। फिलहाल तो दो दिन में अमेरिका का शेयर बाजार बुरी तरफ लडखडा गया है, यह गिरावट करीब छह फीसद है। वहीं भारत समेत कई देशों के बाजार भी लडखडाए हुए हैं। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की बात सही साबित हो रही है। उन्होंने ट्रंप के टैरिफ पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि उनका यह कदम अमेरिका के लिए आत्मघाती होगा।

## आज का इतिहास

- 1606-राजकुमार खुसरो ने अपने पिता मुग़ल शासक जहाँगीर के खिलाफ़ बग़ावत की।
- 1886-हैदराबाद के अंतिम निज़ाम उस्मान अली का जन्म।
- 1896-आधुनिक ओलिंपिक खेलों की शुरुआत।
- 1929-प्रसिद्ध हिन्दी सेवी और प्रकाशक महाशय राजपाल का निधन।
- 1930-महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर ज़ोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा।
- 1942-जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की।
- 1956-क्रिकेट की दुनिया के बेहतरीन और महान खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर का जन्म।
- 1966-भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
- 1980-भारतीय जनता पार्टी की स्थापना।
- 1982-दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फ़ाकलैंड पर अर्जेन्टीना ने अधिकार किया।
- 1985-पाब्लो पिकासो के समकालीन विश्वविख्यात कलाकार मार्क शागल का पेरिस में देहांत।
- 1995-भारतीय जिमनास्टर प्रणति नायक का जन्म।
- 1998-गोरी प्रक्षेपास्त्र का पाकिस्तान द्वारा सफल प्रक्षेपण।
- 1999-नेपाल में पुनः पांच सौ रुपये के भारतीय नोट चलाने की घोषणा।
- 2000-कराची की एक अदालत ने आतंकवाद एवं विमान अपहरण के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ को उम्र क़ैद की सज़ा सुनायी।
- 2001-भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय राजनीति के पुरोधा चौधरी देवी लाल का निधन।
- 2003-उत्तरी होंडुरास की जेल में हुए दंगे के कारण 86 क़ैदी मारे गये।
- 2005-कुर्द नेता जलाल तालाबानी को ईराक का नया राष्ट्रपति चुना गया।
- 2007-बांग्ला लेखिका लीला मजूमदार का निधन।
- 2008-केन्द्र की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के मंत्रिमण्डल में सात नए चेहरों को शामिल किया गया।
- 2009-जैकरी क्विंटो और क्रिस पाइन अभिनीत''स्टार ट्रेक''फिल्म रीबूट का प्रीमियर ऑस्टिन, टेक्सास में हुआ।
- 2010-भारत के वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी और भारत दौरे पर आए अमेरिकी वित्त मंत्री टिमोथी गेथनर ने आर्थिक साझेदारी के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 2013-राही सरनोबत ने 05 अप्रैल 2013 को दक्षिण कोरिया के चांगवान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल परिसंघ विश्व कप प्रतियोगिता की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- 2014-विराट कोहली आईसीसी पुरुष क्रिकेट टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

2020-कोरोना वायरस संक्रमण से दुनिया भर में 70 हजार से ज्यादा लोगों की मौत। भारत में संक्रमितों का आंकड़ा साढ़े चार हजार के पार पहुंचा।

- 2021-कन्नड़ सिनेमा की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री प्रतिमा देवी का निधन।

# राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी से नदियों का प्रदूषण संकट बरकरार

■ ज्ञानेन्द्र रावत

बीते दिनों महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा की स्वच्छता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज देश की कोई नदी ऐसी नहीं है जो स्वच्छ हो और प्रदूषण मुक्त हो। विडम्बना यह है कि इसके बावजूद हम उन्हें स्वच्छ रखने में असफल रहे हैं। गौरतलब है कि गंगा की सफाई का जिम्मा केन्द्र सरकार के सात मंत्रालयों पर है, लेकिन हकीकत यह है कि गंगा अपने मायके से ही प्रदूषित हो रही है। उत्तराखंड सरकार की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि गंगा कई स्थानों पर जल शोधन संयंत्र से छोड़े गए पानी से ही प्रदूषित है। एनजीटी को भी इस बारे में जानकारी है। यह स्थिति केवल गंगा की नहीं, बल्कि देश की दूसरी नदियों की भी है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गंगा और यमुना जैसी नदियां कई दशकों से प्रदूषित हैं।

परिणामस्वरूप, जलीय जीव संकट में हैं और मानव स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में है। अनियोजित शहरीकरण, बढ़ती आबादी और कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी नदियों के अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है, साथ ही यह भूमिगत जल को भी प्रदूषित कर रहा है। विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार, घरों, फैक्टरियों और संस्थानों से निकलने वाला 72 फीसदी गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में जा रहा है, जिससे पेयजल और अन्य उपयोग के लिए पानी का संकट बढ़ रहा है। एनजीटी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में गंगा और उसकी सहायक नदियों में रोजाना 1100 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज गिर रहा है। राज्य में गंगा किनारे बसे जिलों के 225 नाले सीधे नदियों में मिल रहे हैं, जबकि केवल 101 नाले एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जुड़े हैं।देश की राजधानी दिल्ली की जीवन रेखा यमुना हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी गंदे नाले से भी बदतर हालत में है। उसका पानी न केवल लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि वह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। मौजूदा स्थिति यह है कि नई भाजपा सरकार नये संकल्प और यमुना सफाई के नये एजेंडे के साथ यमुना के पुनरुद्धार और कायाकल्प में जुटी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी दिल्ली के 16 औद्योगिक क्षेत्रों में एसटीपी की कमी पर हैरानी जताई है और कहा है कि यमुना में बिना ट्रीटमेंट के अपशिष्ट पदार्थ खुलेआम गिराए जा रहे हैं। हकीकत यह है कि यहां एक-तिहाई क्षमता से एसटीपी काम कर रहे हैं और 11 क्लस्टरों के लिए प्लांट ही नहीं हैं। इसके लिए एसटीपी की क्षमता तीन गुना बढ़ानी होगी और निगरानी तंत्र को चौकस करना होगा, तभी कोई बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।



गौरतलब है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति यमुना में प्रदूषण के लिए 60 फीसदी जिम्मेदार नजफगढ़ नाले को मानती है। असलियत यह है कि यमुना इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि दिल्ली के अंदर और सीमा पर भी उसका जल नहाने लायक नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, एक समय देश में करीब 15,000 छोटी-बड़ी नदियां थीं, जिनमें से 30 फीसदी से ज्यादा आज सूख चुकी हैं। 4500 से ज्यादा छोटी या मंझोली नदियां केवल बारिश के दिनों में बहती हैं, और बाकी आठ-नौ महीनों में वे मृतप्राय रहती हैं। देश की राजधानी दिल्ली की जीवनदायिनी यमुना में बरसात के दिनों में भले जलस्तर बढ़ा रहता है, लेकिन बाकी आठ-नौ महीनों में इसका जलस्तर काफी कम हो जाता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। यही हालत देश के अन्य राज्यों की छोटी-बड़ी नदियों की है, जहां की नदियों के साथ-साथ झीलों का जलस्तर भी कम हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए विख्यात नैनीताल की झीलें इसकी जीती-जागती मिसाल हैं, जिनका जलस्तर कम हो रहा है। मध्य भारत की गंगा कहलाने वाली पौराणिक नदी बेतवा की बात करें तो उसके उद्गम स्थल ही सिमट गए हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने 2024 में बेतवा के उद्गम स्थल में जल गंगा संवर्धन योजना शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन उसका अभी तक क्रियान्वयन नहीं हुआ है।

सवाल यह है कि देश की नदियां साफ क्यों नहीं हो पा रही हैं। इस मामले में जल शक्ति मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है कि इसमें सीवेज सिस्टम की खामी अहम कारण है।

असलियत में नदियों के किनारे बसे शहरों के सीवेज सिस्टम में सुधार में नाकामी के कारण सीवेज का गंदा पानी सीधे नदियों में गिरकर उन्हें विषाक्त कर रहा है। इसके लिए उन शहरों के नगर निकाय पूरी तरह जिम्मेदार हैं। हालात यह हैं कि कहीं शोधन संयंत्र देखभाल के अभाव में खराब पड़े हैं, कहीं उनकी शोधन क्षमता उतनी नहीं है जितनी होनी चाहिए, कहीं जरूरत के मुताबिक उनकी तादाद बहुत कम है, और कहीं बिजली आपूर्ति समय पर न होने के कारण वे पूरे समय काम नहीं कर पाते। कहीं-कहीं शोधन संयंत्रों से गंदे नाले जोड़े ही नहीं गए हैं, नतीजतन वे सीधे नदियों में गिर रहे हैं। हकीकत में सरकारें और नगर निकाय औद्योगिक रसायनयुक्त अपशिष्ट सीधे नालों या नदियों में गिरने से रोकने में नाकाम हैं। दुखद यह है कि इसके पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव मुख्य कारण है। इसमें दो राय नहीं कि यदि नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाना है तो लॉकडाउन जैसी सख्ती बरतनी होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

**(साभार: लेखक पर्यावरणविद् हैं।)**

### देश की आधी से अधिक आबादी का ग्रामीण अंचलों में निवास

# कृषि के क्षेत्र में नई करवट बदलता भारत

■ प्रहलाद सबनानी

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा।भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इससे किसानों की कृषि सम्बंधी बुनियादी समस्याओं को दूर करने के सफलता मिली है।

भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। देश के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के उद्देश्य से भारत सरकार प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम कर रही है एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि कृषि के क्षेत्र में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके। देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल हेतु अब केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रा स्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है, इससे किसानों को अत्यधिक लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में पर्याप्त वृद्धि दर्ज हुई है एवं साथ ही परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ की दर पर बेचने में सफल हो रहे है अन्यथा इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान अपने कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है एवं कृषि उत्पादों की बर्बादी को रोकने में सफलता मिल रही है।



आज भारत में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। इस संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है इससे किसान कृषि भूमि पर मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि उत्पाद कर रहे हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को उचित दामों पर अपनी फसल को बेच सके। साथ ही, कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश में सूखे, अधिक वर्षा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी प्रकृतिक आपदाओं के चलते प्रभावित हुई फसल के नुक्सान से किसानों को बचाया जा सके। आज करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। देश में खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर तो रहता नहीं है अतः किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से डेयरी, पशुपालन, मधु मक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को अतिरिक्त आय की सुविधा मिल सके।

विश्व के विभिन्न देशों ने अपनी आर्थिक प्रगति के प्रारम्भिक चरण में कृषि क्षेत्र का ही सहारा लिया है। औद्योगिक क्रांति तो बहुत बाद में आती है इसके पूर्व कृषि क्षेत्र को विकसित अवस्था में पहुंचाना होता है। भारत में भी आज कृषि क्षेत्र, देश की अर्थव्यवस्था का आधार है, जो न केवल खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि करोड़ों नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर भी निर्मित करता है। साथ ही, औद्योगिक इकाईयों के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराता है। वैश्विक स्तर पर कृषि क्षेत्र की महत्ता आगे आने वाले समय में भी इसी प्रकार बनी रहेगी क्योंकि इस क्षेत्र से पूरी दुनिया के नागरिकों के लिए भोजन, उद्योग के लिए कच्चा माल एवं रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही निकलते रहेंगे। हां, कृषि क्षेत्र में आज हो रही प्रौद्योगिकी में प्रगति के चलते किसानों को कम भूमि पर, मशीनों का उपयोग करते हुए, कम पानी की आवश्यकता के साथ भी अधिक उत्पादन करना सम्भव हो रहा है। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ कृषि उत्पाद की लागत कम हो रही है और किसानों के लिए खेती एक उद्योग के रूप में पनपता हुआ दिखाई दे रहा है और अब यह लाभ का व्यवसाय बनता हुआ दिखाई देने लगा है। केला, आम, अमरूद, पपीता, नींबू जैसे कई ताजे फलों एवं चना, भिंडी जैसी सब्जियों, मिर्च, अदरक जैसे प्रमुख मसालों, जूट जैसी रेशेदार फसलों, बाजरा एवं अरंडी के बीज जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों एवं दूध के उत्पादन में भारत पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। दुनिया के प्रमुख खाद्य पदार्थों यथा गेहूं एवं चावल का भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। भारत वर्तमान में कई सूखे मेवे, कृषि आधारित कपड़े, कच्चे माल, जड़ और कांड फसलों, दालों, मछली पालन, अंडे, नारियल, गन्ना एवं कई सब्जियों का पूरे विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत 80 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज फसलों (काफी एवं कपास जैसी नकदी फसलों सहित) के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया था। साथ ही, भारत सबसे तेज विकास दर के साथ पशुधन एवं मुर्गी मांस के क्षेत्र में दुनिया के पांच सबसे बड़े उत्पादक देशों में शामिल हो गया है। कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी भी दृष्टि से कृषि क्षेत्र के योगदान को कमतर नहीं आंका जा सकता है क्योंकि उद्योग एवं सेवा क्षेत्र का विकास भी कृषि क्षेत्र के विकास पर ही निर्भर करता है। अधिकतम उपभोक्ता तो आज भी ग्रामीण इलाकों में ही निवास कर रहे हैं एवं उद्योग क्षेत्र में निर्मित उत्पादों की मांग भी ग्रामीण इलाकों से ही निकल रही है। अतः देश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना ही होगा।

**स्वाभिमान को ठेस लगने पर आचरण की जड़ में घुन लग जाता है और निन्दा फैलने पर मनुष्य उसकी ओर से आँखें बन्द करके खुल्लम-खुल्ला पतन की ओर अग्रसर होने लगता है।**

**- गोपी कान्त**

## निशाना

### खूब हो रही बैठक !



-कृष्णेन्द्र राय

चिंतन मंथन चल रहा।
हो कैसे सुधार ?
रूठ गई है जनता।
ना करती उपकार।।
कायाकल्प हो पुनः।
है ऐसा प्रयास।।
जनता को नहीं आया पर।
कार्यशैली रास।।
खूब हो रही बैठक।
नहीं निकलता हल।।
ले रहे संकल्प।
उत्तम करना कल।।
कहां हो रही ग़लती।
नहीं समझ ये आया।।
है लेकिन ये सत्य।
हो रहा सफाया।।

# निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर समिति को नोटिस और सर्वेयर को पृथक करने के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिला उपार्जन समिति के सदस्यों द्वारा गत दिवस संयुक्त रूप से सेवा सहकारी समिति मर्यादित करेला द्वारा भावना वेयर हाउस ग्राम बागोद मे संचालित गेहूँ उपार्जन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि निरीक्षण के समय केन्द्र पर

**■ जिला उपार्जन समिति के सदस्यों ने किया था आकस्मिक निरीभण**

राधेश्याम राजपूत (समिति प्रबंधक एवं केन्द्र प्रभारी) तथा हेंमत सिंह, ऑपरेटर जो कि अन्य केन्द्र (उपार्जन केन्द्र करेला, रिलायबल वेयरहाउस) मौके पर उपस्थित मिले। मौके पर गोदाम परिसर एवं गोदाम के बाहर तक कृषकों की लगभग 20-25 गेहूँ से



भरी ट्रॉलिया खडी पाई गई जिनकी केन्द्र पर तौल होना शेष थी।

गोदाम परिसर में समिति द्वारा मात्र एक कांटे पर तौल का कार्य किया जा रहा था, जबकि केन्द्र की ऑनलाईन दर्ज क्षमता अनुसार न्यूनतम 04 तौल कांटे पर तुलाई अनिवार्य हैं। आपरेटर द्वारा 19 मार्च से एक अप्रैल तक बुक्ड स्लॉट की ऑनलाईन जानकारी प्रस्तुत की गई। जिसमें कुल 56 कृषकों के स्लॉट बुक्ड पाये गये एवं समिति द्वारा प्रस्तुत ऑफलाईन रिकार्ड अनुसार समिति द्वारा केवल 22 कृषकों से खरीदी किया जाना पाया गया। गोदाम परिसर में स्टैक में लगे हुये बोरियों में से गेहूँ का सेम्पल लिया गया जो कि प्रथम दृष्टया अत्यधिक मिट्टी युक्त एवं नॉन एफएक्यू पाया गया। मौके पर उक्त नॉन एफएक्यू गेहूँ के संबंध में समिति स्तरीय सर्वेयर श्री प्रशांत भार्गव से पूछे जाने पर उनके द्वारा उक्त स्कंध का ऑनलाईन रिजेक्शन दर्ज किया जाना बताया गया। सर्वेयर द्वारा नॉन एफएक्यू स्कंध का पृथक से रिकार्ड रखना एवं विधिवत सेम्पल रखना नहीं पाया गया।

उपार्जन कार्यों में अनियमितता पाए जाने के फलस्वरूप राधेश्याम राजपूत, समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्यादित करेला एवं केन्द्र प्रभारी उपार्जन केन्द्र करेला को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 03 दिवस मे उत्तर चाहा गया है, साथ ही समिति स्तरीय सर्वेयर प्रशांत भार्गव को उपार्जन कार्य के दायित्वों मे लापरवाही किये जाने के कारण कार्य से पृथक किया गया है।


### नाला निर्माण में ठेकेदार की मनमानी से प्रतिनिधि हुए त्रस्त

# घटिया नाला निर्माण को लेकर पार्षद प्रतिनिधि ने ठेका निरस्त करने सीएमओ को दिया पत्र

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। शहर में नगर पालिका से काम लेकर अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा घटिया कार्य को अंजाम दिया जा रहा है । ज्यादा तार ठेकेदारों के द्वारा काम को भी समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जा रहा है। इसके चलते आम जनता को परेशानियां सामना भी करना पड़ रहा है। इनसे परेशान होकर कहीं पार्षद और प्रतिनिधि इनके काम लापरवाही की शिकायत कर चुके हैं फिर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी पालीवाल कॉलोनी में निर्माणाधीन नाले के घटिया निर्माण और लेटलतीफी से त्रस्त होकर पूर्व पार्षद सचिन शर्मा ने एक शिकायती आवेदन देकर नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही, उदासीनता तथा उपयोग की जा रही घटिया सामग्री एवं मनमानी पर रोकने की





गुहार लगाते हुए जनहित में ठेके को निरस्त करने की अपनी मांग को दोहराया है। इसके पूर्व गत वर्ष मार्च महीने में भी गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन बिना किसी उचित कार्यवाही के कुछ महीने काम बंद रहने के बाद एसडीएम के हस्तक्षेप से पुनः काम शुरू भी हुआ लेकिन चार महीने से भी अधिक समय हो जाने के बाद पेटी पर काम कर रहा ठेकेदार मात्र सौ मीटर ही नाले का निर्माण कर सका है।

अभी तक निर्माण हुए नाले की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि बनाई हुई कॉटन वाल जगह जगह से क्षतिग्रस्त तथा जोड़तोड़ किए हुए दिखाई दे रही है।

इस नाले के निर्माण में लगातार एक वर्ष से अधिक समय से आवागमन में तथा नाला बनाने के लिए खोद कर छोड़ दिए गड्ढे में भर रहे पानी से रहवासियों को अपने घरों निकलने में होती परेशानी को देखते हुए स्थानीय पार्षद द्वारा लगातार मौखिक रूप से चेताया जा रहा था। दो दिन पूर्व से इंजीनियरों द्वारा भी घटिया निर्माण कार्य पर रोक लगाने के बाबजूद ठेकेदार द्वारा सरिया एवं मानक स्तर से कम घटिया सामग्री का प्रयोग कर रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से काम करने का सिलसिला शुरू कर दिया।

परन्तु कहने के बावजूद निर्माण कार्य में की जा रही मनमानी से क्षुब्ध होकर ना प्रशासन को आईना दिखाते हुए ठेकेदार द्वारा किए गए काम को खोदकर उसकी गुणवत्ता से अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू को शिकायती पत्र देते हुए जनहित में उचित कार्यवाही करने एवं आवागमन को सुचारू करने तथा कॉलोनी की पानी निकासी के लिए अतिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने की माँग की है।

# राम जन्मोत्सव के लिए सभी सामाजिक संगठनों , धार्मिक संगठनों के साथ बैठक का हुआ आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आने बाली 06 अप्रैल रविवार को हम सबके आराध्य रघुवंश शिरोमणि प्रभू श्रीराम जी का जन्मोत्सव ( रामनवमी ) पर्व हर्षोल्लास से मनाने के लिए हिंदू समाज के सभी सामाजिक संगठनों सहित धार्मिक संगठनों की सामूहिक बैठक का आयोजन निजी गार्डन में हुई।

हिंदू समाज के सभी सामाजिक जातियों के प्रमुखों और विश्वहिन्दू परिषद बजरंगदल , हिन्दू उत्सव समिति के प्रमुखों द्वारा बैठक में शामिल होकर आयोजन को भव्यतापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव व मार्गदर्शन दिया गया। श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी द्वारा शोभायात्रा में शामिल होने वाले वाद्य यंत्र सहित अन्य समस्त प्रकार की तैयारी का विस्तृत वर्णन किया गया।

## अर्पिता ने हासिल किए 88 प्रतिशत अंक



**सिरोंज।** शहर के बड़ा बाजार निवासी अशोक रायकवार की पुत्री अर्पिता ने कक्षा पांचवीं में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अर्पिता की उपलब्धि पर साकेत शिशू रंजन स्कूल परिवार सहित अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है।

# 3 दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सेवा भारती मध्यभारत प्रांत एवं संजीवनी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर के द्वितीय दिन महिलाओं के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 से 300 महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं निःशुल्क दवा प्राप्त की। मरीजों में गर्भवती महिलायें, एनीमिया, गर्भाशय में पानी की कमी की समस्या के रोगियों का उपचार कर दवा वितरण की गई, तीन गर्भवती हाईरिस्क महिलाओं को विशेष चिकित्सा के लिए परामर्श दिया गया, तीन महिलाओं को खून चढ़वाने एवं आठ गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए संजीवनी अस्पताल भेजा गया। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान खान-पान, रहन-सहन एवं गर्भ के दौरान बच्चों को संस्कार देने के बारे में जानकारी दी गई।

शिविर में सेवा भारती मध्यभारत प्रांत की उपाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य आयाम प्रमुख रिटा. रीजनल डायरेक्टर डॉ. किरण सेजवार एवं डॉ. ज्योति पटेल द्वारा मरीजों का परीक्षण किया एवं मेडिकल एसोसिएशन सिरोंज द्वारा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। इस अवसर पर संजीवनी अस्पताल के संचालक श्री संजीव माथुर एवं शासकीय स्वास्थ्य विभाग अधिकारी श्री विकास बघेल सम्मिलित हुए एवं सेवा भारती की कार्यशैली से प्रभावित होकर डॉ. धर्मेश शर्मा शासकीय हॉस्पिटल सिरोंज ने सदस्यता ग्रहण की। आयोजन में स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं इस पहल की सराहना की।

### महामाई के दरबार में पूर्णाहुति के अवसर पर होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों की व्यवस्था को लेकर में सदस्यों की हुई बैठक

# सोमवार को होने वाली पूर्णाहुति एवं भंडारे में पई-पान-चूल का निमंत्रण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

चैत्र नवरात्रि में श्री महामाई माता मंदिर ( डॉंगवाली ) के जागृत दरबार में चल रहे दस दिवसीय श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं पन्द्रह दिवसीय मेले का सोमवार को समापन होगा। लोक कल्याण एवं विश्व शांति हेतु आयोजित इस महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर मातारानी की महाआरती,कन्या पूजन के उपरांत संत पूजन कन्या भोज एवं विशाल भंडारा शुरू होगा। भंडारे की तैयारियों को लेकर गुरुवार की रात्रि में श्री महामाई सेवा समिति के सदस्यों की व्यवस्था संबंधी एक बैठक का आयोजन भंडारे स्थल पर किया गया।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मातारानी की कृपा और जनता जनार्दन के सहयोग से मेला अनेक वर्षों से अपनी भव्यता को प्राप्त कर रहा है । मातारानी के अनन्य भक्त हम सबके मार्गदर्शक स्व लक्ष्मीकांत शर्मा ने छोटे से स्वरूप से



विशाल स्वरूप इस मेले को प्रदान किया है। उत्सव के अंतिम दिन दशमी को आयोजित यज्ञ हवन की पूर्णाहुति एवं मैया के भंडारे की प्रसादी हेतु आप सभी आपने अपने क्षेत्रों में गांव में शहर में घर घर गांव पहुंचकर पीले चावल देकर आमंत्रित करें। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भी समस्त सनातन धर्म के लोगों को पई-पान-चूल का निमंत्रण देकर सात तारीख दिन सोमवार को पूर्णाहुति के अवसर पर मैया के दरबार में पधारने का आग्रह किया है। बैठक को समिति के वरिष्ठ सदस्य पदम ताम्रकार,घनश्याम रघुवंशी,डॉ पी के विश्वास तथा एसडीएम हर्षल चौधरी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य रमेश यादव ने एवं अंत में आभार संरक्षक उमाकांत शर्मा ने व्यक्त किया।

### मोबाइल फोन पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

बैठक के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा के पास मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का फोन आया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री से दूरभाष पर हुई चर्चा के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा के आग्रह पर मुख्यमंत्री मोहन यादव में भी दूरभाष के माध्यम से बैठक में मौजूद समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए मातारानी के भव्य आयोजन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व में स्व लक्ष्मीकांत जी भाई साहब के साथ मुझे मैया के दरबार में आने का सौभाग्य मिला है। मैया के दरबार में जनकल्याण के लिए आयोजित हो रहे यज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल होने के लिए उमाकांत जी ने आग्रह किया है। व्यस्तता अधिक है फिर भी में कोशिश करूंगा कि थोड़ी देर के लिए प्रत्यक्ष रूप से मैया के दरबार में अपनी उपस्थित दर्ज करा सकूं । उन्होंने महामाई के दरबार में आयोजित मेले की सुंदर व्यवस्थाओं के लिए समिति के सभी सदस्यों की भूरी भरी प्रशंसा भी की। इस दौरान विधायक शर्मा ने मेले की चिंता करने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया।

## कतारबद्ध होकर बंटेगी मैया की महाप्रसादी

श्री महामाई दरबार में होने वाले इस विशाल भंडारे में नगर एवं आसपास की तहसीलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पधारकर प्रसादी ग्रहण करते हैं। प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी लगभग 1 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के पधारने की संभावना है। समिति द्वारा परंपरागत रूप से होने वाले भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण करने के लिए बीस गालों का निर्माण किया जा रहा है। तथा परोसदारी के लिए युवा टीमों की तैनाती का काम समिति के प्रमुख सदस्य पुराण करने में लगे हुए हैं। विगत वर्ष खराब मौसम एवं दशमी को अत्याधिक विवाह आयोजनों की व्यस्तता से परोसदारी में समाज के सहयोग से लगने वाले वर्तन एवं अन्य संसाधनों की कमी को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा स्टॉल लगाकर प्रसादी वितरण की गई थी। परन्तु इस बार भंडारा पुरानी पद्धति से ही होना तय किया गया है जिसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है।

**मेट्रो एंकर** केसीसी जमा करते समय किसान को याद आए शिवराज सिंह चौहान, उनके समय में हर बार 30 अप्रैल को केसीसी के पैसे जमा होते थे

# तारीख नहीं बढ़ाने से हजारों कृषक डिफॉल्टर, अब देना होगा ब्याज

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

इस बार किसानों को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की याद आ रही है।जब वहां प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उस समय किसानों के लिए सीसीसी जमा करने की तारीख 30 अप्रैल करते थे। वही मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार ने केसीसी जमा करने की तारीख में वृद्धि नहीं की गई है इस वजह से हजारों किसान ओवरड्यू हो गए पूरे साल के ब्याज के साथ इनको 31 मार्च तक 7 प्रतिशत उसके बाद जितने दिन ओर ज्यादा होगे तो किसानों को केसीसी की राशि पर 14त्न ब्याज देना पड़ेगा इसके चलते प्रत्येक किसान को हजार रुपए के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा डिफाल्टर होने से अन्य सुविधाएं भी प्रभावित होगी। 31 मार्च तक जिला सहकारी बैंक की पेक्स समितियां से कर्ज लेने वाले किसने को चुकना था जिसमें से 40 से 45 कृषकों ने ही इस तारीख तक कर्ज की राशि जमकी इस कारण 55 से 60त्न किस समय पर राशि जमा नहीं करने के कारण बैंकों से ओवरड्यू हो गए हैं ,इस वजह से इनको अतिरिक्त राशि जमा करनी पड़ेगी इन किसानों को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शिवराज सिंह चौहान की तर्ज पर किसानों को बड़ी उम्मीद थी कि केसीसी जमा करने की तारीख 31मार्च बढ़कर 31 अप्रैल कर देंगे पर उनके सपनों पर सरकार ने पानी फेर दिया है उल्टा इनको अतिरिक्त राशि ब्याज के रूप



में भरनी पड़ेगी नहीं तो खाद बीज भी नहीं मिलेगा इसके अलावा बीमा का लाभ भी नहीं मिलेगा इसलिए किसानों को केसीसी की राशि ब्याज के साथ जमा करनी पड़ेगी तभी इनका लाभ मिलेगा किसानों का कहना है कि 31 मार्च तक अधिकांश किसानों की फसल है पक्का तैयार होती है कटाई का काम चलता है मंडी में बेच नहीं पाते इस वजह से वह इस तारीख तक राशि जमा नहीं पाते हैं ।कई सालों से मध्य प्रदेश मैं मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने हर बार किसानों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए केसीसी जमा करने की तारीख 30 अप्रैल करते थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी इसी तरह की उम्मीद थी पर उनकी उम्मीद को सरकार ने धूमिल कर दिया किसानों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान जैसा मुख्यमंत्री किसानों को नहीं मिलेगा वह हमेशा किसानों की चिंता करते थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव केवल बातें करते हैं पर इनको किसानो की कोई परवाह नहीं है तभी तो तारीख बढ़ाने का काम ना करते हुए किसानों को डिफाल्टर करवा दिया। वहीं अधिकांश पेक्स समिति प्रबंधकों को उम्मीद थी 31 मार्च आगे तारीख बढ़ेगी पर ऐसा नहीं हुआ इस वजह से इनकी वसूली भी रह गई है। इसको करने में अब इनको ऐडी चोटी का जोर भी लगाना पड़ेगा कई कृषक ब्याज के चलते के सीसीसी की राशि जमा करने में आना-कानी भी करेंगे ।

सरकार के निर्देशों के बाद भी ऐसे किसान जिन्होंने 31 मार्च से पहले अपनी फसल समर्थन मूल्य केंद्रों पर तुलवा दी है वहां 31 मार्च तक केसीसी ऋण जमा करने पर डिफाल्टर होगा जिन्होंने अपनी फसल सरकारी समर्थन मूल्य केंद्रों पर इसीलिए जल्दी तुलवाई थी इनको इसका फायदा नहीं मिला जिसको लेकर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देकर मांग करते हुए कहा कि सरकार के आदेश के बाद भी पैक्स समितियां ने समर्थन मूल्य केंद्र फसल तुलवाई है उसकी रसीद भी इनको दे रहे इसके बाद भी किसानों को समितियां डिफाल्टर कर रही है। जिन किसानों ने 31 मार्च से पहले अपनी फसल समर्थन मूल्य पर विक्रय कर दी है उन सब की राशि केसीसी में सम्मिलित करके उन्हें डिफाल्टर की सूची से हटाया जाए। इस पर एसडीएम ने कहा कि हम इसको दिखावाते हैं यदि ऐसा है तो हम इसको सम्मिलित करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि जल्दी हमारी मांग को गंभीरता से पूर्ण नहीं किया तो हम आंदोलन करेंगे इस सरकार को किसाने की कोई चिंता नहीं है लाखों किसानों को डिफाल्टर कर दिया है।

# अगले साल लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होना है और मुझे उम्मीद है कि हम उसमें जगह बनाएंगे: रोहित शर्मा

## डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2027 वनडे विश्व कप खेलने पर टिकी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल और फिर वनडे विश्व कप के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। डब्ल्यूटीसी 2025 का फाइनल मुकाबला 11 जून से 15 जून के बीच लंदन के लॉड्स मैदान पर खेला जाना है। दोनों ही बार भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में थी। विश्व कप में मिली हार को अब छह महीने होने जा रहे हैं, लेकिन फैंस के दिलों में उस हार का दर्द अब भी मौजूद है। रोहित के भविष्य को लेकर काफी बातें कही जाती रही हैं, लेकिन उन्होंने संकेत दिए हैं कि उनकी नजर अगले साल होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2027 वनडे विश्व कप खेलने पर टिकी हैं। 36 वर्षीय रोहित 2007 टी20 विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। रोहित ने कहा, मैं फिलहाल अच्छा खेल रहा हूं और मुझे ऐसा लगता है कि आगे भी कुछ वर्षों तक खेल सकता हूं। मुझे वाकई 2023 विश्व कप जीतना चाहता था। 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। हम वनडे विश्व कप को देखकर ही बड़े हुए हैं।




### फाइनल की हार से अबतक नहीं उबर सके

भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप फाइनल में मिली हार को करीब छह महीने बीत गए हैं, लेकिन रोहित का कहना है कि यह हार ऐसी है जिससे वह अबतक नहीं उबर सके हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप का आयोजन भारत में हो रहा था। फाइनल तक हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला। जब हम सेमीफाइनल जीते तो मुझे लगा कि हम अब ट्रॉफी जीतने से एक कदम दूर हैं। मैं सोचता रहा कि वो कौन सी एक चीज है जिस कारण हम फाइनल में हारे और ईमानदारी से कहूं तो मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं आया। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और आत्मविश्वास भी था, लेकिन वो खराब दिन था और ऑस्ट्रेलिया का अच्छा दिन था। मुझे नहीं लगता कि हमने फाइनल में खराब क्रिकेट खेला।

### 'आईपीएल काफी आगे बढ़ गया है'

रोहित उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जो 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं और उन्होंने एक भी सीजन मिस नहीं किया है। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में अब कोई कमजोर टीम नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले एक दशक में आईपीएल काफी आगे बढ़ गया है और सभी टीम अब प्रतिस्पर्धी हो गई है। मुझे नहीं लगता कि आईपीएल में कोई कमजोर टीम है। यह ईपीएल के फर्स्ट डिविजन टीम की तरह है जहां कोई भी टीम किसी को हरा सकती है। लेकिन यह शुरुआत में वैसा नहीं था। अब इसमें काफी तकनीक आई गई है जिससे लोगों को समझ आ रहा है कि कहां सुधार करना है इसलिए वे नीलामी में सही खिलाड़ियों का चयन कर रहे हैं।

### आईपीएल : धोनी कर सकते हैं सीएसके की कप्तानी

# आज पहला मैच, सीएसके व डीसी के बीच, दिल्ली अब तक टूर्नामेंट में अजेय

**चेन्नई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन में आज डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) खेला जाएगा। दिन के पहले मैच चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) का दिल्ली कैपिटल्स से सामना होगा। मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दोपहर 3ः30 बजे से खेला जाएगा। एमएस धोनी आज कप्तानी कर सकते हैं, ऋतुराज गायकवाड इंजर्ड हैं। इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक दो मैच खेले हैं और दोनों ही में उन्होंने जीत दर्ज की है। चेन्नई सुपर किंग्स ने अब तक तीन मुकाबले खेले हैं, जिसमें से उन्हें सिर्फ एक में जीत मिली और दो मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं, दिन के दूसर मुकाबले में पंजाब किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा।

### दिल्ली के खिलाफ चेन्नई आगे

हेड टु हेड में चेन्नई का पलड़ा भारी है। चेन्नई और दिल्ली के बीच अब तक आईपीएल में 30 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से ष्टस्य को 19 मुकाबलों में जीत मिली है, वहीं 11 मौकों पर दिल्ली ने बाजी मारी है। आईपीएल 2024 में दिल्ली और चेन्नई के बीच एक मुकाबला खेला गया था, जहां डीसी ने 20 रन से जीत दर्ज की थी। उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई की टीम सिर्फ 171 रन ही बना पाई थी।




### गायकवाड टॉप स्कोरर

कप्तान ऋतुराज गायकवाड टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैचों में कुल 116 रन बनाए हैं। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए अपने आखरी मैच में उन्होंने 44 गेंदों में 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी। इसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल था। उनके बाद दूसरे स्थान पर रचिन रविंद्र ने टीम के लिए 3 मैचों में कुल 106 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 45 गेंदों में 65 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं, गेंदबाज नूर अहमद टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिला?ी हैं। उन्होंने 3 मैचों में 9 विकेट लिए हैं। उन्होंने स्ढ्ढ के खिलाफ 18 रन देकर 4 विकेट झटके थे। उनके बाद खलील अहमद भी 3 मैचों में 6 विकेट ले चुके हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने 29 रन देकर 3 विकेट झटके थे।

**गेंदबाज मिचेल स्टार्क फॉर्म में:** दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस सीजन में अभी तक अजेय रही है। टीम ने अपने दोनों शुरुआती मैच जीत लिए हैं। वहीं दिल्ली के गेंदबाज मिचेल स्टार्क टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2 मैचों में 8 विकेट लिए। उन्होंने अपने आखरी मैच में 3.4 ओवर में ही 5 विकेट झटके थे। उनके बाद कुलदीप यादव ने 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, बल्लेबाजों में फाफ डु प्लेसिस टीम के लिए सबसे ज्यादा 79 रन बना चुके हैं। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ अपने आखरी मैच में 27 गेंदों में 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी। उस मैच में उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के लगाए थे। चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर स्पिनर्स को फायदा मिलता है। यहां बैटिंग करना थो?ा मुश्किल है। यहां अब तक 87 ढ्ढक्क मैच खेले गए। 50 मैच पहले बैटिंग करने वाली और 37 मैच चेज करने वाली टीमों ने जीते। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 246/5 है, जो होम टीम चेन्नई सुपरकिंग्स ने 2010 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बनाया था। आज चेन्नई का मौसम काफी गर्म रहेगा। पूरे दिन तेज धूप रहेगी और बीच-बीच में बादल भी रहेंगे। बारिश की 23त्न आशंका है। तापमान 26 से 34 डिग्री रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-12

चेन्नई सुपर किंग्सः ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, सैम करन, एमएस धोनी (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मथीश पथिराना, खलील अहमद, शिवम दुबे।

दिल्ली कैपिटल्सः अक्षर पटेल (कप्तान), जैक फ्रेजर-मैगर्क, केएल राहुल, फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, आशुतोष शर्मा और मुकेश कुमार।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए सेकंड ट्रायल शुरू

### बिहार में 4 मई से शुरू; पीएम करेंगे शुभारंभ



**पटना, एजेंसी**

बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई से 15 मई के बीच हो रहा है। इसमें योगासन के दूसरे चरण का ट्रायल ऑनलाइन होगा। सिर्फ 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के लिए दूसरे चरण का ट्रायल शुरू किया जाएगा। जो भी लड़कियां इसमें भाग लेना चाहती हैं, वह अपना वर्चुअल ट्रायल के लिए 1 से 1.50 मिनट का वीडियो भेज सकती हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने कहा कि योगासन एक मेडल स्पोर्ट है, जिसका कंपटीशन गया में होगा। 18 साल से कम उम्र की लड़कियां जिन्हें योगासन में रुचि है, और वह योगासन करते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड करके भेज दें। उस वीडियो को देखा जाएगा और सेलेक्ट हुई लड़कियों को कैंप के लिए बुलाया जाएगा। उन्हें फिर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेना का मौका मिलेगा।

**हर आसन को 5 सेकंड तक होल्ड करें:** अपने वीडियो में लड़कियां फॉरवर्ड बेंड, बैकवर्ड बेंड, ट्विस्टिंग, लेग बैलेंस और हैंड बैलेंस की श्रेणी से 5 आसन करें और हर आसन को 5 सेकंड तक होल्ड करें। बिहार के 5 जिलों में इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें कुल 27 खेल होने हैं, जिनमें से तीन खेल- शूटिंग, ट्रैक साइकलिंग और जिमनास्टिक दिल्ली में होंगे। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसका उद्घाटन समारोह पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में होगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े विशेषज्ञ बिहार के पांच शहरों के आयोजन स्थलों का पहले ही मुआयना कर चुके हैं। वहीं, पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का भी रिनोवेशन किया जा रहा है। लगभग 5000 की संख्या में खिलाड़ी, सपोर्टिंग स्टाफ, टेक्निकल स्टाफ और अन्य पदाधिकारी कर्मी शामिल होंगे।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'चमकीला' बनकर दिलीजत दोसांझ ने जीता था दर्शकों का दिल, बताया 'बेस्ट बायोपिक'

इम्तियाज अली की मच अवेटेड फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में दिलजीत ने दर्शकों के मन में अपनी एक अलग ही जगह बना ली थी। पंजाब के ऑरिजिनल रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह की जिंदगी को फिल्म में दिखाया गया है, जिसका किरदार दिलजीत दोसांझ ने निभाया है. तो वहीं परिणीति चोपड़ा उनकी पत्नी की भूमिका में थी.

### चमकीला बनकर छाए दिलीजत दोसांझ

दर्शकों के रिएक्शन को देखने के बाद तो लग रहा है कि लोगों को अमर सिंह चमकीला की बायोपिक काफी इंप्रेसिव लगी थी. जी हां, फिल्म को लेकर दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा था. दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की एक्टिंग के साथ-साथ इम्तियाज अली के काम को भी खूब सराहा जा रहा है. तो आइए जानते हैं किसने क्या कहा था कि किसी एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा कि इम्तियाज अली इज बैक. परिणीति और दिलीत की ये परफॉर्मेंस सालों तक याद रखी जाएगी. बता दें कि इस फिल्म के साथ इम्तियाज अली के ओटीटी



पर अपना डेब्यू किया है. वहीं कई सालों से इम्तियाज अली की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी. उनकी पिछली दो फिल्में 'जब हैरी मेट सेजल' और 'लव आज कल' फ्लॉप साबित हुई थीं. ऐसे में डायरेक्टर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं.

**कौन थे अमर सिंह चमकीला?:** अमर सिंह चमकीला को पंजाब के ऑरिजिनल रॉकस्टार कहा जाता था. वे एक फोक सिंगर थे. उनके गानों ने हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग का रिकॉर्ड बना डाला था. उनका जन्म 1960 में पंजाब में हुआ था. बचपन से ही उन्हें गाने का शौक था. महज 20 साल की उम्र में अमर ने वो शोहरत हासिल कर ली थी, जिसे पाने में लोगों की उम्र बीत जाती है. लेकिन 27 साल में उनकी हत्या कर दी गई। 8 मार्च 1988 का वो मनहूस दिन था जब हमलावरों ने चमकीला की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी. उनकी मौत को 35 साल गुजर चुके है।


## 'भीगे होंठ तेरे' गाना गाने वाले कुणाल बॉलीवुड से दूर

साल 2004 में आई फिल्म 'मर्डर' में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत को तो सभी ने नोटिस किया लेकिन शायद एक गायक को भूल गए. वो गायक जिन्होंने 'भीगे होंठ तेरे' जैसा सुपरहिट गाना दिया और पहले ही गाने ने उन्हें स्टार बना दिया. उस सिंगर का नाम कुणाल गांजावाला है, जो काफी समय से इंडस्ट्री से दूर हैं लेकिन एक जगह है जहां वो एक्टिव हैं और फैंस से जुड़े हैं. फिल्मों में अलग अंदाज में गाने को प्रेजेंट करने वाले कुणाल गांजावाला काफी समय से फिल्मों में गाने नहीं गाए हैं. अब फैंस जानना चाहते हैं कि आखिर वो कहां हैं। कुणाल गांजावाला ने एक इंटरव्यू में बताया था कि कॉलेज के समय उनके मन में सिंगर बनने की बात भी नहीं थी. ना उन्होंने कभी म्यूजिक सीखा और ना उनके फैमिली से कोई सिंगिंग में दिलचस्पी रखता था. मुंबई के एलिफिस्टेन कॉलेज में जब कुणाल गांजावाला फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिए तो एक दिन उनका पाला सीनियर्स से पड़ा, सीनियर्स ने उनसे जबरदस्ती गाने के लिए कहा तो कुणाल ने 'नजर के सामने' और 'एक दिन बिक जाएगा' गाने गाए. इन गानों को सुनकर सीनयर्स काफी इंप्रेस हुए और उन्हें कॉलेज फेस्टिवल में गाने को कहा.



## सोहेल खान बोले- जब भी सलमान खान कमरे में आते हैं मैं उठकर खड़ा हो जाता हूं...

अरहान खान के पॉडकास्ट 'दम बिरयानी' पर पहले मेहमान बने पापा अरबाज खान और चाचू सोहेल। इस दौरान दोनों ने सलमान खान के साथ अपना डीप बॉन्ड शेयर किया। दोनों ने बचपन के कई किस्से भी शेयर किए। अरहान खान के पॉडकास्ट 'दम बिरयानी' के पहले एपिसोड में अरबाज खान और सोहेल खान पहुंचे। इन दोनों ने सलमान खान के साथ अपनी बॉन्डिंग की कहानी शेयर की और बताया कि वे उन्हें कितना रिस्पेक्ट और सराहना करते हैं। सलमान, सोहेल और अरबाज अपने स्ट्रॉन्ड बॉन्ड के लिए भी खूब जाने जाते हैं। जिंदगी में अच्छे-बुरे हर दौर में तीनों हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े होते हैं। अरहान के इस पॉडकास्ट पर पापा और चाचू के अलावा कुछ फ्रेंड्स भी मौजूद थे। इस टॉक शो के दौरान अरबाज और सोहेल ने बताया कि वो सलमान के कितने करीब हैं और वे तीनों एक-दूसरे की कितनी केयर किया करते हैं। सोहेल ने कहा कि वह सलमान की बहुत इज्जत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी सलमान कमरे में एंटर करते हैं, सोहेल हमेशा उनके सम्मान में उठकर खड़े हो जाया करते हैं।



### सोहेल ने हंसते हुए कहा- हम तीन बहनों की तरह हैं

अरबाज ने कहा कि वे तीनों बहुत क्लोज हैं जिसपर सोहेल ने हंसते हुए कहा- हम तीन बहनों की तरह हैं। बीच में अरहान मजाक करते हुए बोल पड़े - भाईजान नहीं, बहन जी। अरबाज ने कहा- सलमान और मैं भले ज्यादा बातें नहीं कर पाते, मिल नहीं पाते लेकिन जब उनको ये पता लगता है कि मैं प्रॉब्लम में हूं तो वह बिल्कुल नहीं हिचकिचाते, फिर चाहे वो मैं हूं या सोहेल या फिर कोई और। अरबाज ने ये भी कहा कि ये मदद हमेशा पैसों से जुड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा, मैं सलमान को फाइनैंशली हेल्प नहीं कर सकता क्योंकि उनके पास खुद बहुत है। लेकिन ऐसा नहीं कि आपको हमेशा इसी की जरूरत पड़े। आपको कई बार इमोशनल सपोर्ट की जरूरत पड़ती है, आपको किसी की जरूरत होती है। जब आप बुरे दौर से गुजर रहे हैं और आपके आसपास आपको सपोर्ट करने के लिए लोग हों तो समझिए कि आपने अपनी लाइफ में सच में लोग कमाए हैं। अगर आपके पास लोग हैं तो आप खुशनसीब हैं।



**मेट्रो बाजार**

# चीन का आयात और निर्यात फिसला, पीछे रह गए आंकड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन के आयात और निर्यात के आंकड़े मार्च महीने में अप्रत्याशित रूप में घट गए हैं। ये आंकड़े बाजार के के पूर्वानुमान के मुकाबले काफी कम रहे हैं। सीमा शुल्क विभाग की ओर से आयात-निर्यात के आंकड़े जारी किए गए हैं।आंकड़ों से पता चलता है कि चीन में आर्थिक सुधार को मजबूत करने की कोशिश में जुटे नीति निर्माताओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। चीन से बाहर जाने वाले शिपमेंट्स में पिछले महीने (मार्च में) एक साल पहले की तुलना में 7.5 फीसदी की गिरावट आई। यह पिछले साल अगस्त के बाद शिपमेंट्स में आई सबसे बड़ी गिरावट है और अर्थशास्त्रियों के 2.3 फीसदी की गिरावट के पूर्वानुमान की तुलना में बहुत अधिक है। इससे पहले जनवरी-फरवरी की अवधि में ये शिपमेंटस 7.1 फीसदी बढ़े थे। जोंस लैंग लासाल के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस पांग ने कहा, विदेशी मुद्रा विनिमय से जुड़े व्यवधानों के अलावा, मार्च में निर्यात और आयात दोनों ही आंकड़ों का उम्मीद से अधिक कमजोर होगा यह संकेत देता है कि चीन को अपने महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिक व्यापक और लक्षित नीतिगत प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन के चीन के विदेशी व्यापार को पटरी पर लाकर फिर से विकास को ऊर्जा प्रदान करने में लंबा समय लग सकता है। आंकड़ों के अनुसार, पहली तिमाही में निर्यात में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नरम विदेशी मांग और सख्त वैश्विक मौद्रिक नीति के कारण देश के निर्यातकों को पिछले साल अधिकांश समय चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अमेरिका के फेडरल रिजर्व और अन्य विकसित देशों ने ब्याज दरों में कटौती करने की कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई है, इससे चीनी निर्माताओं के लिए फिलहाल चुनौतियां जारी रह सकती हैं। क्योंकि वे विदेशों में माल की बिक्री को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।



## एनविडिया के बाद गूगल को मिला एआई से सपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की रेस पूरी दुनिया में दिलचस्प हो चुकी है. दुनिया की तमाम बड़ी कंपनियां एआई के मामले में सबसे आगे निकलने के लिए गला-काट प्रतिस्पर्धा से गुजर रही हैं. इस बदली हुई परिस्थिति के कारण शेयर बाजार की दुनिया के समीकरणों में भी बदलाव दिख रहा है. आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के रथ पर सवार होकर एनविडिया के शेयरों में आई हैरतअंगेज रैली का बाजार हाल ही में गवाह बना है. एआई ने एनविडिया को ऐसा बूस्ट दिया कि देखते-देखते उसने कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया. अभी एनविडिया एमकैप के मामले में गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट, फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा, अमेजन, टेस्ला आदि से काफी आगे निकल चुकी है. अब एआई से गूगल के शेयरों यानी उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के स्टॉक को पंख लग रहे हैं. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, निवेशक अल्फाबेट की एआई स्ट्रेटजी पर भरोसा दिखा रहे हैं, जिससे शुरुआती दौर में फिसलने के बाद कंपनी के शेयर मजबूत होने लगे हैं. रिपोर्ट में इस बात की उम्मीद जाहिर की गई है कि गूगल के शेयरों में जैसी रैली आ रही है, जल्द ही उसका मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर के पार निकल सकता है. अगर ऐसा होता है तो गूगल अमेरिकी बाजार समेत पूरी दुनिया की चौथी ऐसी कंपनी बन जाएगी, जिसकी बाजार वैल्यू 2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगी. अभी अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टेड सिर्फ 3 ही ऐसी कंपनियां हैं, जिनका मार्केट कैप 2-2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है. सबसे ज्यादा 3.18 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ माइक्रोसॉफ्ट पहले स्थान पर है. दूसरे स्थान पर एप्पल है, जिसका मार्केट कैप अभी 2.70 ट्रिलियन डॉलर है. एनविडिया 2.26 ट्रिलियन डॉलर के एमकैप के साथ तीसरे स्थान पर है।


## होटल मैनेजर से कार की चाबी और मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार



**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला चौराहा पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने होटल मैनेजर की कार की चाबी और मोबाइल छीन ली। दरअसल, मैनेजर कार से अपने होटल में आई महिला को छोड़ने के लिए जा रहे थे, तभी बदमाशों ने उनका पीछा किया और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उक्त मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपियों से लूटा गया मोबाइल और कार की चाबी बरामद की गई है। वारदात में इस्तेमाल एक बाइक जब्त की गई, जबकि चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बाइक बरामद की जाएगी। पुलिस के अनुसार महिला को डीआईजी बंगला छोड़ने गए थे मैनेजर, बाइक सवारों ने की वारदात विजयपाल सिंह पिता जसरथ सिंह (21) कुरावर, जिला राजगढ़ का रहने वाला है। वह पीटू होटल पोस्ट आफिस के पास न्यू जेल रोड में मैनेजर है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी होटल में एक मुस्लिम महिला आई थी। रात करीब 12 बजे वह होटल के सामने आटो के इंतजार कर रही थी। रात अधिक हो चुकी थी, तभी एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। वे महिला को घूर रहे थे। महिला डर गई और विजयपाल के पास पहुंचकर मदद मांगी। वह कहने लगी कि मुझे घर जाने के लिए आटो नहीं मिल रहा है। डीआईजी बंगला चौराहा तक छोड़ दीजिए। विजय पाल ने होटल की ओला कार में महिला को पीछे वाली सीट पर बिठाया और उसे छोड़ने डीआईजी बंगला चौराहा जाने लगे। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने उनकी कार का पीछा किया।

## एक्सीडेंट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** नजीराबाद इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई।



पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। इसी हादसे में दो अन्य युवकों को भी चोट आई थी, जिनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी कृष्णासिंह ठाकुर ने बताया कि दीपक अहिरवार पुत्र भारत सिंह अहिरवार (18) ग्राम अमानपुरा थाना सुठालिया जिला राजगढ़ का रहने वाला था। बीती 21 मार्च को वह अल्टो कार से नजीराबाद की तरफ जा रहा था। उसके साथ सतीश अहिरवार और महेंद्र अहिरवार भी थे। नजीराबाद स्थित ग्राम बरखेड़ी देव के पास दीपक की कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में उतर गई थी, जिससे कार में सवार तीनों युवक घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया था। बाद में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार रात हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान दीपक अहिरवार ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सतीश को कम चोट आई थी, जबकि महेंद्र गंभीर रूप से घायल हुआ था। पुलिस जांच कर रही है।

## जेल प्रहरी की तलाकशुदा बेटी के साथ की छेड़छाड़

**भोपाल।** अरेरा हिल्स पुलिस ने जेल प्रहरी की बेटी की शिकायत पर मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया



है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी करीब दो साल से उसका पीछा कर रहा है। वह घर से बाहर आते-जाते उसका पीछा करता है। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर गुरुवार शाम उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 25 साल की युवती तलाकशुदा है। उसके पिता जेल प्रहरी है। पीड़िता ने बताया कि सहाब खान से उसका पहले से परिचय है। परिजन उनकी शादी कराना चाहते थे, लेकिन सहाब खान का चाल चलन ठीक नहीं है। परिजन ने पीड़िता की कहीं और शादी करा दी थी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर, मुंह पर दुपट्टा लपेटकर की वारदात

# किसान की बाइक के बैग में रखे दो लाख रुपए चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित दाल मिल के पास गुरुवार दोपहर अज्ञात बदमाश ने किसान की बाइक के बैग में रखी दो लाख रुपए की नगदी निकाल ली। घटना के समय किसान बाइक खड़ी कर किराना दुकान पर बीड़ी खरीदने गए थे। कुछ ही देर बाद बाइक के पास लौटे तो बाइक के बैग की चेन खुली मिली और अंदर रखे रुपए चोरी हो चुके थे।

चोरी की शिकायत मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। फुटेज देखने पर एक संदिग्ध बैग से नगदी चुराते हुए नजर आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार मोहर सिंह राजपूत (50) ग्राम पीपलखेड़ी, तहसील बैरसिया में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। उनका गल्लामंडी स्थित को-आपरेटिव बैंक में खाता है।

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वह बैंक पहुंचे और रुपए निकालने के लिए अपनी विड्रॉल



फार्म जमा किया। सुबह बैंक में कैश नहीं होने के कारण बैंककर्मी ने उन्हें डेढ़ बजे दोपहर में बुलाया।

दोपहर करीब ढाई बजे मोहर सिंह बैंक पहुंचे और 2 लाख 87 हजार निकाले। बैंक वालों ने उन्हें 200 रुपए की 10 गड्डियों के अलावा 500 रुपए, 1000 रुपए और 50 रुपए के नोट दिए थे। मोहर सिंह ने रस्सी में बंधे 2 लाख रुपयों की गड्डी बाइक के बैग में रख ली और चेन लगा दी। बाकी के रुपए उन्होंने अपने पास रखे थे। वे घर जाने के लिए निकल गए।

### बीड़ी लेने रुके तो चोरी हो गए थे रुपए

बैरसिया दालमिल के पास पहुंचकर मोहर सिंह ने बाइक सड़क किनारे खड़ी की और किराना दुकान पर बीड़ी लेने चले गए। कुछ देर बाद बाइक के पास लौटे तो बैग की चेन खुली हुई थी। अंदर रखे 2 लाख रुपए का बंडल नहीं था। उन्होंने आसपास देखा तो कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। मोहर सिंह ने बैंक पहुंचकर अधिकारियों को बताया तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत करने की सलाह दी।

उसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। बाद में बैरसिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। इस दौरान एक युवक चेन खोलकर रुपए का बंडल निकालते हुए दिखाई नजर आया। इसके बाद वह एक बाइक पर बैठकर भाग निकला।

### फसल आने पर सक्रिय होता है गिरोह

ग्रामीण अंचल में यह कोई पहली वारदात नहीं है। प्रत्येक वर्ष फसल आने के बाद किसान बैंक से रुपए निकालने पहुंचते हैं। इस दौरान गिरोह बैंक और आसपास खड़े होकर किसानों पर नजर रखता है। इसके बाद गिरोह के बदमाश मौका मिलते ही थैले अथवा बाइक के बैग में रखे रुपए लेकर फरार हो जाते हैं।

## प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस से दो लाख बीस हजार रुपए की नगदी चोरी

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित विद्या नगर में भगवती कंस्ट्रक्शन के आफिस का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश दो लाख बीस हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गया। घटना की शिकायत करने पहुंचे प्रॉपर्टी डीलर का आरोप है कि उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। हालांकि बाद में जब पुलिस से संपर्क किया गया तो शिकायत दर्ज करने फरियादी को बुलाया गया था। जानकारी के अनुसार मनोज अग्रवाल, अनमोल विला में रहते हैं और प्रॉपर्टी डीलर है। वे विद्या नगर में भगवती कंस्ट्रक्शन नाम से ऑफिस का संचालन करते हैं। उनका प्रॉपर्टी डीलिंग के अलावा कंस्ट्रक्शन का भी काम है। गत 2 अप्रेल की रात करीब 8 बजे उन्होंने अपना ऑफिस बंद किया था। अगले ही दिन 3 अप्रेल की सुबह उनके ऑफिस का कर्मचारी प्रशांत मनशर पहुंचा तो उसने ऑफिस का ताला टूटा देखा। इसके बाद मनोज अग्रवाल को घटना की जानकारी दी। वे मौके पर पहुंचे तो ऑफिस के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था, जबकि अंदर दराज का भी लॉक टूटा था।

## ट्रेन से कट गया युवक का पैर, चार्ली के मौजूद आरक्षकों ने पहुंचाया अस्पताल

**डॉक्टर बोले समय पर नहीं पहुंचता अस्पताल तो जा सकती थी जान**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मंगलवारा स्थित भारत टॉकिज ब्रिज के नीचे शुक्रवार दोपहर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका बांया पैर घुटने के पास से कट गया। हादसे की सूचना मिलते ही मंगलवारा पुलिस की चार्ली में मौजूद दो आरक्षक मौके पर पहुंचे और घायल को आटो की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद जीआरपी को सूचना दी गई।

दरअसल, घटनास्थल जीआरपी का था। बावजूद इसके पुलिसकर्मियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। डॉक्टर का कहना है कि ब्लीडिंग ज्यादा हो गई थी, यदि समय रहते युवक को अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो उसकी जान जा सकती थी।

पुलिस के अनुसार अशोका गार्डन निवासी 40 साल का घनश्याम परमार प्राइवेट काम करता है। शुक्रवार दोपहर भारत टॉकिज ब्रिज के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से उसका बांया पैर घुटने के पास से कट गया। पैर कटने के बाद घनश्याम रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ था। भीड़ उसका वीडियो बना रही थी।



### स्टेशन के बाहर युवक की जेब से मोबाइल चोरी

**भोपाल।** महाराष्ट्र से भोपाल आए एक युवक की जेब से बदमाशों ने मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना रेलवे स्टेशन के बाहर तड़के करीब तीन बजे हुई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सागर धनवट (32) मूलत- महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। गुरुवार तड़के करीब तीन बजे वह परिवार वालों के साथ भोपाल पहुंचे थे। उन्हें महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाना था। ट्रेन से उतरने के बाद पूरा परिवार प्लेटफार्म क्रमांक 6 के बाहर पहुंचा। इसी दौरान किसी जेबकतरे ने सागर की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। बाद में उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इधर गौतम नगर थानांतर्गत पूर्वी निशातपुरा में रहने वाले लखन ठाकुर के सूने मकान से चोर चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन समेत करीब दस हजार का सामान चोरी कर ले गए। इसी प्रकार रातीबड़ थानांतर्गत न्यू टीटी नगर स्थित मंदिर की दानपेटी से बदमाश करीब दो हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने विनय पाराशर की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसी देहात के सूखी सेवनिया में रहने वाले नारायण सिंह की दुकान का ताला तोड़कर चोर पानी की मोटर समेत करीब 12 हजार का सामान चोरी कर ले गए।

## बैंक लोन से परेशान होकर कपड़ा व्यापारी ने लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित पूजा श्री कॉलोनी में कपड़ा व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में उन्होंने बैंक लोन से परेशान होने का जिक्र किया है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार जनक आयलानी (52) पूजाश्री कॉलोनी, सीटीओ बैरागढ़ में रहते थे। उनकी कपड़े की दुकान हैं। शुक्रवार सुबह उनकी पत्नी नाश्ता बनाकर दुकान चली गई थी। जनक प्रतिदिन साढ़े 10 बजे तक दुकान पहुंच जाते थे। शुक्रवार सुबह वह दुकान नहीं पहुंचे। पत्नी ने उन्हें कॉल किया तो वह कॉल भी रिसीव नहीं कर रहे थे। इसके बाद पड़ोसी को कॉल कर घर जाकर जनक से बात करानी की बात कही। पड़ोसी उनके घर पहुंचे तो जनक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पड़ोसी की सूचना पर उनकी पत्नी और पुलिस घर पहुंची। पुलिस को निरीक्षण में उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला।

**मेट्रो एंकर** बैरसिया थाना क्षेत्र का मामला

# शराब पीते समय हुआ विवाद चाकू से किया जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मिल्क मोहल्ला में गुरुवार रात शराब पीते समय दो दोस्तों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों में लात मुक्कों से मारपीट हुई और विवाद खत्म हो गया।**

कुछ देर बाद आरोपी युवक घर से चाकू लेकर पहुंचा और दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मिल्क मोहल्ला बैरसिया निवासी गजराज मोंगिया (24)



मजदूरी करता है। इसी इलाके में रहने वाला सम्मू खां रहता है और वह भी मजदूरी करता है। दोनों आपस में दोस्त हैं और गुरुवार रात साथ में शराब पी रहे थे। शराब पीते समय गजराज ने सम्मू खां को कहा कि तुमने मेरा मोबाइल चुराया है। सम्मू ने उसका विरोध किया तो दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गजराज और सम्मू के बीच मारपीट हो गई।

### घर से लाया चाकू, किया हमला

कुछ देर चली मारपीट के बाद सम्मू अपने घर चला गया। गजराज को लगा कि अब विवाद शांत हो गया है, लेकिन कुछ ही देर बाद सम्मू घर से चाकू ले आया और गजराज पर हमला कर दिया। चाकू लगने से गजराज को गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गजराज की शिकायत पर आरोपी सम्मू पर हत्या के प्रयास और एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है सम्मू ने गजराज को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया था।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022